Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Monday, 23 September 2024 ● Year : 02 ● Issue : 245 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

BRIEF NEWS

## हटिया रेलवे स्टेशन पर 43 बोतल शराब जब्त

**RANCHI :** रविवार को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया स्टेशन से 43 बोतल शराब जब्त किया है। उप निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि रांची आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर ट्रेनों तथा रेलवे स्टेशनों मे शराब तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान ऑपरेशन सतर्क के तहत जारी है। इसी क्रम में आरपीएफ रांची के सहायक सुरक्षा आयुक्त एके सिंह के पर्यवेक्षण में गाड़ी संख्या 18624 के हटिया स्टेशन आगमन पर चेक करने पर जनरल डिब्बे के टॉयलेट में तीन झोली रखा देखा। चेक करने पर उसके अंदर 43 शराब की बोतलें पाई गई। इसकी अनुमानित कीमत 39 हजार रुपये आंकी गई।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आज पलामू में

**RANCHI :** सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर 23 सितंबर को गढ़वा जिले के उंटारी रोड में दोपहर 1:30 बजे से आयोजित परिवर्तन यात्रा महासभा में शामिल होंगे। ठाकुर पलामू जिले के हुसैनाबाद के हाई स्कूल मैदान, हैदरनगर में आयोजित परिवर्तन महासभा में 2:30 बजे शामिल होंगे।

## जाति के आधार पर लोगों को बांट रही भाजपा : सुप्रियो

**RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा सांप्रदायिकता

और धर्म के बाद अब जाति के आधार पर लोगों को बांटना चाह रही है। झारखंड में भाजपा की ओर से नेताओं को जातीय प्रलोभन दिया जा रहा है। आज ये लोग कुरमी को पूछ रहे, कल यादव को पूछेंगे, परसों ब्रह्मण को पूछेंगे। इसी तरह ये लोग राजपूत और कायस्थ को भी एक दिन लुभायेंगे। सुप्रियो भट्टाचार्य रविवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सुप्रियो ने कहा ये लोग किस समाज की बात कर रहे हैं। कैसे झारखंड को तोड़ना चाहते हैं, इसकी बानगी बीजेपी की इस घोषणा में दिखाई पड़ी है। उन्होंने कहा कि इनके एक सांसद लोकसभा में खड़ा होकर झारखंड से संथाल को अलग करने की बात कह चुके हैं।

## जनता हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त : प्रतुल

**RANCHI :** रविवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि सिर्फ तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पिछले पांच वर्षों में झारखंड का बेड़ा गर्क करके रख दिया। प्रतुल ने कहा कि झारखंड की जनता इस सरकार के भ्रष्टाचार लूट और कुशासन से त्रस्त हो गई है। इसलिए भाजपा के परिवर्तन यात्रा को शानदार सफलता मिल रही है, जिससे जेएमएम हकलान हो गया है। प्रतुल ने कहा कि पूरे प्रदेश में जनता को भाजपा की परिवर्तन यात्रा से एक आशा दिख रही है कि आतंक राज का अंत होगा।

### अटल क्लिनिक के उद्घाटन कार्यक्रम में झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस बोले-

# वृद्धाश्रम में माता-पिता को छोड़ने वालों को माफ नहीं करते ईश्वर

**PHOTON NEWS RANCHI :** रविवार को झारखंड हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने अटल क्लिनिक का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सभी वृद्ध माता-पिता उनके अभिभावक हैं। आपलोगों का हक है सरकारी योजनाओं का लाभ पाना। उस लाभ को पहुंचाने के लिए हम सभी बच्चे आपके पास आए हैं। कोई भी मां अपने बच्चे को कोख में नौ माह पालती है और बाद में वही बच्चा बड़ा होकर अपने माता-पिता को वृद्धाश्रम में छोड़ देता है। यह गलत है। भावुक होकर उन्होंने कहा कि जो बच्चे अपने माता-पिता को वृद्धाश्रम में छोड़ते हैं, उन्हें ईश्वर कभी माफ नहीं करते हैं। रविवार को अपना घर (ओल्ड-एज-होम, हेसाग) में वृद्धजनों के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में वे बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बीमारी वृद्ध होने के बाद शुरू होती है। उस समय दवा और इलाज की जरूरत होती है। इसी उद्देश्य से अटल क्लिनिक का उद्घाटन किया गया है। रांची सिविल कोर्ट के न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने कहा कि वृद्धजनों को लाभ पहुंचाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आगे भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ताकि वृद्ध माताओं को लाभ मिल सके। अटल क्लिनिक खुलने के बाद लगातार इनकी स्वास्थ्य जांच की जाएगी और इलाज की सुविधा दी जाएगी। धन्यवाद ज्ञापन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि हमलोग वृद्धजनों के सेवा के लिए सदैव तत्पर हैं और आगे भी पुलिस प्रशासन, झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के साथ मिलकर वृद्धजनों की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद व अन्य। ● फोटोन न्यूज

मौके पर रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन प्रभात कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, झालसा के उपसचिव अभिषेक कुमार, उच्च न्यायालय के प्रोटोकॉल ऑफिसर राकेश रंजन, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, सिविल कोर्ट के प्रभारी रजिस्ट्रार अशोक कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी एकता सक्सेना समेत अन्य मौके पर उपस्थित थे।

### बुजुर्गों को दिलाया जा रहा योजनाओं का लाभ

झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम पूरे राज्य में वृद्धजनों को समर्पित है। आज प्रत्येक जिले में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) द्वारा वृद्धाश्रमों में विधिक जागरूकता सह मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर वृद्धों के लिए आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, वृद्धा पेंशन कार्ड आदि बनाया जा रहा है, ताकि इसका लाभ वृद्धजनों को मिल सके।

# पैसे लेकर होमगार्ड की फर्जी बहाली, एक अरेस्ट

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में 1.30 लाख रुपये देकर फर्जी तरीके से होमगार्ड जवान बहाल किए जा रहे हैं। विभागीय जांच में खुलासा होने के बाद और धुर्वा थाने में दर्ज शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आसिफ अंसारी के मुताबिक उसने होमगार्ड के कंपनी कमांडर कैलाश यादव को इसके लिए पैसे दिए थे। पैसे मिलते ही साल 2021 में आसिफ अंसारी को फर्जी तरीके से होमगार्ड का आरक्षी बना दिया गया था।

इसके लिए ना कोई प्रक्रिया पूरी की गई और ना कोई ट्रेनिंग। इस दौरान आसिफ अंसारी लोकसभा चुनाव 2024 के अलावा राज्य के अलग-अलग जिलों में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात रहा। जांच में पता चला है कि आसिफ को लापता एक होमगार्ड जवान के आरक्षी नंबर पर फर्जी तरीके से बहाल किया गया था। होमगार्ड के डीजी अनिल पाल्टा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने ईटीवी भारत को बताया कि उनके आदेश पर विभागीय

जांच शुरू हुई थी। अब तक कंपनी कमांडर समेत पांच लोगों की पहचान हो चुकी है। इसमें एक की गिरफ्तारी भी हो गई है। उन्होंने बताया कि इस रैकेट में और कौन-कौन लोग शामिल हैं, उनको चिन्हित करने की कवायद चल रही है। खास बात है कि फर्जी बहाली के बाद से ड्यूटी के बदले आसिफ अंसारी को विभाग द्वारा 2 लाख 59 हजार का भुगतान भी हो चुका है। इस खुलासे के बाद से कंपनी कमांडर कैलाश यादव समेत अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। फरार चल रहे निसार अंसारी, आसिफ अहमद और जगदेव टोप्पो की गिरफ्तारी के बाद कई और बड़े खुलासे होने की संभावना है। फिलहाल आसिफ अंसारी को जेल भेज दिया गया है।

# सोलर हाई मास्ट लाइट से जगमगाएंगे गांव : मंत्री

**PHOTON NEWS RANCHI :** रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ की एक और महत्वपूर्ण कोशिशि सफल हुई है। इसका सकारात्मक परिणाम भी दिखने लगा है। रांची लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में 2000 सोलर हाई मास्ट लाइट लगाए जाने की स्वीकृति मिली है। बहुत जल्द सभी लाइट ग्रामीण क्षेत्रों में लगाई जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने रविवार को अपने केंद्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो, इस उद्देश्य के साथ मेरा एक प्रयास था कि हर गांव तक सोलर लाइट लगे। मेरे इस प्रयास को सफलता मिली है। 6 करोड़ की लागत से 2000 हाई मास्ट लाइट की स्वीकृति प्रदान की गई है। एक लाइट की कीमत लगभग 30 हजार रुपए है। यह सभी लाइट 15 फीट

के पल पर लगेगी, जिसमें 30 वाट के 6 लाइट होंगे। सबसे अच्छी बात होगी कि यह लाइट सोलर से चार्ज होगा और शाम में अंधेरा होने पर खुद जल जाएगा। इस प्रकाश के माध्यम से गांव के नुक्कड़ चौक चौराहे सभी रोशन होंगे और हाथी प्रभावित क्षेत्रों में भी लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इन सोलर लाइट को सरना स्थल, धूमकुडिया भवन, सामुदायिक भवन, अखाड़ा, चौपाल, महत्वपूर्ण चौक चौराहा, पंचायत भवन, चबूतरा, हाथी प्रभावित क्षेत्र व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाएंगे।

## जेसीआई ने डांडिया नाइट पोस्टर का किया विमोचन

**RANCHI :** रविवार को जूनियर चैंबर इंटरनेशनल (जेसीआई) रांची ने जलसा, डांडिया नाईट का पोस्टर का विमोचन किया। संस्था के अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने कहा कि यह जलसा का पांचवा संस्करण होगा। जलसा का आयोजन पांच अक्टूबर को रांची क्लब (मेन रोड) में होगा। चौधरी ने कहा कि इस साल डांडिया नाईट में टिकट धारको को बम्पर तम्बोला का टिकट मुफ्त में मिलेगा और तम्बोला में कई इनाम दिया जायेगा। यह कार्यक्रम कुछ अलग होगा। कार्यक्रम में भारत की बेहतरीन डीजे आन्वी आ रही है। खास गुजराती डांस ट्रुप भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। बेहतरीन साउंड, लाइट इफेक्ट्स, प्रोफेसनल एंकर, लजीज व्यंजन, आकर्षक डेकोरेशन, किड्स जोन इस कार्यक्रम का खास आकर्षण होंगे। जेसीआई रांची के प्रवक्ता अमन पोद्दार के मुताबिक, संस्था अपने टिकट धारकों के लिए सेफ्टी का भी खास ध्यान रख रही है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान अवश्य होगा : राजू

**PHOTON NEWS RANCHI :** रविवार को झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा, अल्पसंख्यक विभाग एवं एलडीएम कोऑर्डिनेटर की बैठक कांग्रेस भवन में हुई। इसमें विभागों के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर के राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल नेता डॉ. रामेश्वर उरांव, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर के राजू ने कहा कि संगठन के कार्यकताओं की भावनाओं का सम्मान अवश्य होगा। वर्तमान सरकार में कुछ कार्य अधूरे पड़े हैं जिसे पूरा करने की पहल की जाएगी। अनुसूचित जाति आयोग,वक्फ बोर्ड का गठन जैसे कई मुद्दे हैं जो सरकार और संगठन के बीच आवश्यकता अनुसार तालमेल बैठाकर पूरा किया

कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

जाएगा। अभी हमारे सामने विधानसभा चुनाव के रूप में एक लड़ाई है जिसे हमें जीतना है।विरोधी झूठ के हथियारों से वार कर रहे हैं जिससे बचकर जनता के बीच सच रखना है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन के हर कार्यकर्ता का दर्द समझता हूं और उचित समय आने पर सभी को उनका प्रतिनिधित्व अवश्य मिलेगा।भाजपा घुसपैठ की बात करके चुनाव के समय लोगों को लड़ा कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकना चाहती है लेकिन जनता ऐसे मुद्दों को तवज्जो नहीं दे रही है।आम लोगों द्वारा भाजपा के मुद्दों से दूरी बनाने के कारण इनमें बौखलाहट है। पूरी केंद्रीय सरकार और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और मंत्रियों की कैबिनेट झारखंड में उतर चुकी है।संगठन के कार्यकताओं को समझना होगा कि चुनाव की अहमियत क्या है। आपसी मतभेदों को परे रखकर चुनावी तैयारी में लगना होगा। कांग्रेस उम्मीदवार सहित गठबंधन को उम्मीदवारों के लिए मजबूती से काम करना है।

## बार में पुलिस का छापा मैनेजर गिरफ्तार

**RANCHI :** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित मॉल ऑफ रांची में संचालित बीयर बार लार्ड ऑफ दी ड्रिंक्स के मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मैनेजर का नाम मनीष सिंह है और वह बिहार के गया जिले का रहने वाला है। सुखदेव नगर थाने की पुलिस ने शनिवार देर रात छापेमारी की थी जिसके बाद यह कार्रवाई की है। वरीय अधिकारियों को लगातार सूचना मिल रही थी कि मॉल ऑफ रांची में संचालित बीयर बार लॉर्ड आफ दी ड्रिंक्स में देर रात तक पार्टी का आयोजन जारी है। इसके बाद पुलिस ने शनिवार देर रात छापेमारी कर कार्रवाई की है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने रविवार को बताया कि मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है ।मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने को कहा था कि रात 12 बजे के बाद किसी भी हालत में बार एवं रेस्टोरेंट खुले न रहें।

# कदमा मैदान में शुरू हुआ 12वां ग्रामीण लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट

**PHOTON NEWS RANCHI :** रविवार को ग्रामीण उत्थान सहयोग संस्था, कांके के बैनर तले 12वां ग्रामीण लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ कांके के कदमा मैदान में किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ कांके प्रखंड के उप प्रमुख अजय बैठा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मार कर की। उद्घाटन मैच में पुरुष वर्ग में बीवाईसी सुकुरहुट्टू और बीएनसी बोडेया के बीच खेला गया। बीएनसी बोडेया ने 2-1 से सुकुरहुट्टू की टीम को हरा कर विजयी रही। वहीं महिला वर्ग में आशा फुटबॉल एकेडमी पिठोरिया और रांची के बीच खेला गया। कड़ा मुकाबले के बाद रांची की

खिलाड़ियों के साथ अतिथि व अन्य। ● फोटोन न्यूज

टीम ने पिठोरिया की टीम को 3 गोल दाग कर मैच को अपने नाम कर लिया। मौके पर उप प्रमुख अजय बैठा ने कहा कि टूर्नामेंट के आयोजनकताओं को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने पुरुष के साथ-साथ महिला वर्ग की टीम को भी टूर्नामेंट में शामिल किया है। आज कांके क्षेत्र की कई महिला खिलाड़ियों ने नेशनल लेवल पर अपना जलवा बिखेर कर पूरे कांके क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कांके क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है। सिर्फ यहां के खिलाड़ियों को एक मंच देने की आवश्यकता है।

## 217 होमगार्ड जवानों की पासिंग आउट परेड संपन्न

**RANCHI :** धुर्वा स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में रविवार को 217 होमगार्ड्स की पासिंग आउट परेड आयोजित की गयी। कार्यक्रम का नेतृत्व कमांडेंट सीटीआई कौशिक कुमार ने किया। 63 दिवसीय इस प्रशिक्षण में शारीरिक और शस्त्र प्रशिक्षण शामिल था। मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी होमगार्ड्स अजय लिंडा शामिल हुए।प्रशिक्षण की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि पहली बार महिला होमगार्ड्स को इंसास राइफल का प्रशिक्षण और फायरिंग कराई गयी। कई प्रशिक्षुओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, कुछ ने इंसास और ।303 राइफल में 10/10 का सटीक निशाना लगाया। पासिंग आउट परेड का नेतृत्व परेड कमांडर अपर्णा कुमारी ने किया।

# सम्मान समारोह में पांच हजार से अधिक शिक्षक हुए सम्मानित

**PHOTON NEWS RANCHI :** रविवार को पासवा ने झारखंड के सबसे बड़े राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में आयोजित किया। मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड के शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम, डॉ रामेश्वर उरांव, राष्ट्रीय सलाहकार शैली विष्ठ, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक दुबे, उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू नीरज कुमार, डीएवी के पूर्व डायरेक्टर एलआर सैनी, आकांक्षा के डायरेक्टर भीके सिंह ,मसूदा यासमीन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का उद्घाटन किया। मौके पर बोकारो थर्मल कार्मेल

पासवा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित शिक्षक। ● फोटोन न्यूज

स्कूल की प्राचार्या सिस्टर एम मल्हार, होली क्रॉस स्कूल की प्राचार्या सिस्टर जेनी, डीपीएस स्कूल के प्राचार्य आरके झा,डीएभी कपिल देव के प्राचार्य एमके सिन्हा गेस्ट ऑफ ऑनर के रुप में सम्मिलित हुए। समारोह में राष्ट्रपति अवार्डी व पासवा प्रदेश महासचिव फलक फातिमा के नेतृत्व में पासवा वॉलिंटियर्स ने सभी व्यवस्थाओं का संचालन किया। सुबह से ही सम्मानित होने वाले शिक्षकों की भीड़ लगने लगी थी। रजिस्ट्रेशन के लिए लंबी कतारें लगी। मौके पर 5000 से अधिक शिक्षकों और शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया।

### पश्चिम बंगाल की खाड़ी व आसपास के क्षेत्रों में निम्न दबाव बनने की बढ़ी संभावना

# आज से फिर बिगड़ेगा मौसम, दो दिन होगी बारिश

**PHOTON NEWS RANCHI :** पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और आसपास के क्षेत्रों पर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। मौसम विभाग की मानें तो झारखंड में एकबार फिर मौसम बिगड़ने के आसार हैं। मौसम विभाग ने आज झारखंड के विभिन्न हिस्सों में गरज चमक के साथ झमाझम बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग की ओर से जारी वेदर बुलेटिन के मुताबिक, झारखंड में 26 सितंबर तक मौसम खराब रह सकता है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 2 से 3 दिनों के दौरान पश्चिमी राजस्थान और गुजरात के कच्छ क्षेत्र के कुछ हिस्सों से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी

के लिए परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं। हालांकि एक मानसूनी ट्रफ राजस्थान, एमपी, झारखंड से होकर बंगाल की खाड़ी तक पहुंच रही है। हालांकि उत्तरी अंडमान सागर पर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बनने की उम्मीद है। इसके प्रभाव से पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी पर भी एक कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है। इन वेदर सिस्टम का कितना असर मैदानी इलाकों पर भी देखा जा सकता है। इस बीच मौसम विभाग ने 23 सितंबर से झारखंड में मौसम खराब रहने का पूवार्नुमान जारी किया है। 23 सितंबर को झारखंड के रांची, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, लातेहार, गढ़वा, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सराईकेला खरसांवा, सिमडेगा, दुमका, जामताड़ा, साहेबगंज, पाकुड़, गोड्डा, हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, गिरीडीह, धनबाद, बोकारो, देवघर और रामगढ़ जिलों में मौसम खराब रहेगा। आईएमडी ने इन जिलों में गरज चमक और तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की मानें तो 25 और 26 सितंबर को सूबे में मौसम ज्यादा खराब रहेगा। दोनों ही दिन झारखंड के अलग अलग हिस्सों में गरज चमक के साथ जोरदार बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## बच्चों में अनुशासन के भाव जगाना जरूरी : जितेंद्र

**RANCHI :** रविवार को जोहार लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन कोकर की से ओर आयोजित एवं भारत विकास परिषद के रांची मध्य एवं महानगर शाखा के सहयोग से फूलो झानो बाल संस्कार केंद्र का उद्घाटन अनगढा प्रखंड के डीमरा गांव में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान (सीआईपी) रांची के वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, विशिष्ट अतिथि झारखंड राय विश्वविद्यालय (जेआरयू) के पुस्तकालयाध्यक्ष रविन कुमार एवं गांव के प्रधान सावना बेदिया ने किया। मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार ने कहा कि संस्कार केंद्र के माध्यम से बच्चों के अंदर अनुशासन, माता-पिता के प्रति आदर, समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारी एवं राष्ट्र के प्रति प्रेम के भाव को जगाना है।

# नाकामी छिपाने के लिए हेमंत ने बंद किया इंटरनेट : बाबूलाल

**PHOTON NEWS RANCHI :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अपनी कमियों को छुपाने के लिए हेमंत सरकार ने इंटरनेट बंद किया। उन्होंने कहा कि इंटरनेट बंद होने से आम लोगों को परेशानी हुई। व्यापार बुरी तरह प्रभावित रहा। आजकल बाजार पूरी तरह ऑनलाइन चलता है। लोग मार्केटिंग ऑनलाइन ही करते हैं। पैसा लेकर लोग नहीं घूमते हैं। बाबूलाल मरांडी रविवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि नेट उस स्थिति में बंद किया जाता है, जहां बड़े पैमाने पर दंगा और बवाल मचाने की आशंकाएं रहती है। आतंकवादी गतिविधि तेज होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की चल रही परिवर्तन यात्रा को डिस्टर्ब करने के लिए नेट बंद किया गया, ताकि

डिजिटल माध्यम से यात्रा का प्रचार प्रसार नहीं हो। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यदि कह देते कि डिजिटल माध्यम से प्रचार-प्रसार नहीं करना है तो भाजपा नहीं करती। मरांडी ने कहा कि बच्चों के साथ इस तरह का खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। कई बच्चे दूर-दराज से आते हैं। आने-जाने के लिए ऑनलाइन टैक्सी बुक करते हैं। नेट बंद होने से यह भी प्रभावित हुआ।

**सुविचार**

हर चीज बदलती है, अपनी आखिरी सांस के साथ तुम एक ताजा शुरुआत कर सकते हो।

-बर्टोल्ट ब्रेख्त

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi



12

Samantha Ruth Prabhu Gives...

Ranchi ● Monday, 23 September 2024 ● Year : 02 ● Issue : 245 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 7,055 |
| चांदी | : | 98.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### ईरान की कोयला खदान में विस्फोट 32 लोगों की मौत

**TEHRAN :** तेहरान, 22 सितंबर (एपी) पूर्वी ईरान में एक कोयला खदान में मीथेन गैस लीक होने के कारण हुए विस्फोट में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गयी और 17 अन्य लोग घायल हो गए। ईरान के सरकारी मीडिया ने अपनी एक खबर में रविवार को यह जानकारी दी। ऐसी आशंका है कि 18 अन्य श्रमिक खदान में फंसे हुए हैं। एक खबर में कहा गया है कि राजधानी तेहरान से करीब 540 किलोमीटर दूर दक्षिणपूर्व में तबास में स्थित एक कोयला खदान में शनिवार देर रात यह दुर्घटना हुई। इसमें कहा गया है कि प्राधिकारियों ने आपात कर्मियों को घटनास्थल भेजा है। हादसे के वक्त खदान में करीब 70 लोग काम कर रहे थे। सरकारी टेलीविजन ने बाद में बताया कि जमीन से नीचे 700 मीटर की गहराई पर सुरंगों के भीतर 18 लोगों के फंसे होने की आशंका है।

### हिजबुल्लाह का इजरायल पर पलटवार, दागे 100 से ज्यादा रॉकेट

**ISRAEL :** इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। लेबनान में हिजबुल्लाह बलों ने इजरायल पर 115 से ज्यादा रॉकेट दाग दिए हैं। जिनमें से कुछ उत्तरी शहर हाइफा के पास के इलाकों में पहुंच गए, जिससे चल रहे संघर्ष के बीच पहले से लक्षित स्थानों तक अपनी सीमा बढ़ गई। इजरायली मीडिया ने बताया कि हिजबुल्लाह ने उत्तरी में स्थित एक सैन्य हवाई अड्डे को निशाना बनाया। जेज्रेल घाटी, पूरे क्षेत्र में और कब्जे वाले गोलान हाइट्स और ऊपरी गलील के विभिन्न क्षेत्रों में सायरन बजना लगा। हाइफा के पास इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और कारों में आग लग गई।

### भारत में घुसने की कोशिश कर रहे 11 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**AGARTALA :** वैध दस्तावेजों के बिना भारत में दाखिल होने के आरोप में 11 बांग्लादेशियों को त्रिपुरा से गिरफ्तार किया गया। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने यह जानकारी दी। जीआरपी के एक अधिकारी ने बताया कि इन बांग्लादेशियों की घुसपैठ में मदद करने के आरोप में तीन भारतीय को भी पकड़ा गया है। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जीआरपी की टीम ने शनिवार शाम अगरतला रेलवे स्टेशन पर इन बांग्लादेशियों को पकड़ा। उन्होंने बताया कि ये ट्रेन से चेन्नई और अहमदाबाद जाने की योजना बना रहे थे। प्रभारी अधिकारी तपन दास ने बताया कि इन बांग्लादेशियों को हिरासत में लेकर अगरतला जीआरपी थाना ले जाया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पकड़े गए बांग्लादेशियों ने बताया कि उन्होंने अवैध रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार की है और चेन्नई व अहमदाबाद जाने की योजना बना रहे थे। दास ने बताया कि इन 11 बांग्लादेशियों और उनके तीन भारतीय मददगारों को पुलिस हिरासत में लेने के लिए रविवार को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया।

### अश्विन के छह विकेट से भारत ने बांग्लादेश को 280 रनों से हराया

**CHENNAI :** पहली पारी के शतकवीर रविचंद्रन अश्विन ने दूसरी पारी में गेंद से अपने चिर-परिचित अंदाज में छह विकेट झटक कर दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले के चौथे दिन रविवार को यहां बांग्लादेश पर भारत की 280 रन से बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। बांग्लादेश के खिलाफ अपने शानदार रिकॉर्ड को जारी रखते हुए भारतीय टीम ने श्रृंखला में 1–0 की अजेय बढ़त बना ली है। बांग्लादेश की टीम दिन की शुरूआत चार विकेट पर 158 रन से आगे से करते हुए 234 रन पर ऑल आउट हो गयी। अश्विन ने 88 रन देकर छह विकेट लिये। उन्हें रविंद्र जडेजा का शानदार साथ मिला जिन्होंने 58 रन देकर तीन विकेट चटाये। कप्तान नजमुल हसन शंटो ने बांग्लादेश के लिए 127 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के की मदद से 82 रन की शानदार पारी खेली लेकिन उन्हें छोर से किसी बल्लेबाज का अच्छा साथ नहीं मिला। बीते दिन के नाबाद बल्लेबाज शंटो और अनुभवी शाकिब अल हसन (25) ने हालांकि बांग्लादेश के लिए दिन की अच्छी शुरूआत की थी। लेकिन बाद में भारत ने अच्छा पलटवार किया।

# हमारा संदेश स्पष्ट है, क्वाड कायम रहेगा : प्रधानमंत्री मोदी

## अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने गृहनगर विलमिंगटन में वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी की

**WILMINGTON (BHASHA) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) किसी के खिलाफ नहीं है बल्कि यह नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और संप्रभुता के सम्मान के पक्ष में है। प्रधानमंत्री मोदी ने शिखर सम्मेलन में कहा, 'स्वतंत्र, खुला, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत हमारी प्राथमिकता है।' अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने गृहनगर विलमिंगटन में वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी की, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने किसी देश का नाम लिए बगैर कहा, 'हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। हम सभी नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता का सम्मान, क्षेत्रीय अखंडता और सभी मुद्दों का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान करने के समर्थन में हैं।' प्रधानमंत्री का परोक्ष रूप से इशारा चीन की ओर था। चीन का दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर में कई देशों से विवाद है। चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है वहीं वियतनाम, मलेशिया, फिलीपीन, ब्रुनेई और ताइवान भी इस पर अपना दावा करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'हमारा संदेश स्पष्ट है कि क्वाड कायम रहेगा, सहायता करेगा, साझेदारी करेगा और पूरक बनेगा।' उन्होंने कहा, 'हमने मिलकर



अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ● पीटीआई

स्वास्थ्य सुरक्षा, महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन, क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में कई सकारात्मक एवं समावेशी पहल की हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'क्वाड के नेता ऐसे समय में एकत्र हुए हैं जब पूरी दुनिया तनाव और संघर्षों से घिरी हुई है। ऐसे समय में क्वाड का अपने लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ मिलकर काम करना पूरी मानव जाति के लिए अहम है।' मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'डेलावेयर के विलमिंगटन में आयोजित क्वाड शिखर सम्मेलन के दौरान सदस्य नेताओं से मिलकर खुशी हुई। चचाएं सार्थक रहीं। बैठक में इस बात पर ध्यान दिया गया कि क्वाड वैश्विक भलाई के लिए कैसे काम करना जारी रख सकता है। हम स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन और क्षमता निर्माण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मिलकर काम करते रहेंगे।' एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि बैठक में शीर्ष नेताओं ने दक्षिण-पूर्व एशिया, प्रशांत द्वीप समूह और दक्षिण एशिया में साझेदारों के साथ सहयोग करने के नये तरीकों पर चर्चा की, साथ ही इस बारे में भी विचार-विमर्श किया कि क्वाड भविष्य में कैसे सहयोग करता रहेगा। अधिकारी ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि बैठक के दौरान उत्तर कोरिया से संबंधित मुद्दे पर भी चर्चा की गई। अधिकारी ने कहा, उत्तर कोरिया के संबंध में हमारे दृष्टिकोण में काफी समानता है। उन्होंने कहा, ये साफ तौर पर जाहिर है कि क्वाड के सभी नेता इस बात को लेकर चिंतित हैं कि रूस द्वारा दी जा रही सैन्य सहायता से उत्तर कोरिया किस हद तक प्रोत्साहित हो रहा है।' क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के नेताओं की बैठक के बाद संयुक्त रूप से जारी एक घोषणा पत्र में कहा गया कि चार देशों का यह समूह अच्छे मकसद से बनाया गया है और रणनीतिक रूप से पहले से कहीं अधिक एकजुट है।

इसमें कहा गया, प्रधानमंत्री ने फिर से स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए क्वाड सहयोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धता जताई। क्वाड क्षेत्र की विकास प्राथमिकताओं में मदद करना जारी रखेगा और और सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन में तेजी लाएगा।

# केजरीवाल ने मोदी पर साधा निशाना आरएसएस प्रमुख से पूछे पांच सवाल

## सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद जंतर-मंतर पर की पहली सार्वजनिक सभा

**NEW DELHI (BHASHA) :** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने एक नयी राजनीतिक रणनीति के तहत रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों के लिए आरएसएस से जवाब मांगा। केजरीवाल ने यह कहकर मोदी का कद कम दिखाने की कोशिश की कि आरएसएस ही मुखिया है और उसे अपने बच्चों को नियंत्रण में रखना चाहिए। मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित अपनी पहली जनसभा में केजरीवाल ने आरएसएस प्रमुख से पूछा कि 'क्या बेटा अब इतना बड़ा हो गया है कि वह अपनी मां को आंख दिखा रहा है?'

इस रैली में उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत से कुल पांच




सभा को संबोधित करते अरविंद केजरीवाल ● पीटीआई

सवाल किए। उन्होंने जो सवाल पूछे वे राजनीतिक रूप से भले ही सामान्य प्रतीत होते हों, लेकिन भागवत का जिक्र करना नयी और असामान्य बात है।

केजरीवाल ने पूछा कि क्या आरएसएस केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर राजनीतिक दलों को तोड़ने, विपक्षी दलों की सरकारें गिराने और 'भ्रष्ट' नेताओं को अपने पाले में करने की भाजपा की राजनीति से सहमत है?

जिनमें एक सवाल यह भी था कि क्या सेवानिवृत्ति की आयु से संबंधित भाजपा का नियम मोदी पर भी लागू होता है, जैसा कि लालकृष्ण आडवाणी पर लागू हुआ था? उन्होंने भागवत से पूछा कि क्या वह राजनीतिक नेताओं को 'भ्रष्ट' कहने और फिर उन्हें अपने पाले में शामिल करने की भाजपा की राजनीति से सहमत हैं? केजरीवाल ने एक अन्य सवाल में भागवत से पूछा कि जब भाजपा प्रमुख जे.पी. नड्डा ने कहा कि उनकी पार्टी को अपने वैचारिक मार्गदर्शक आरएसएस की जरूरत नहीं है, तो उन्हें कैसा लगा?

उन्होंने सवाल किया कि क्या आरएसएस प्रमुख भाजपा की मौजूदा राजनीति से संतुष्ट हैं?

केजरीवाल ने कहा, 'आरएसएस और भाजपा ने नियम बनाया था कि हर नेता 75 साल की उम्र होने पर सेवानिवृत्त हो जाएगा। इस नियम के तहत लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कलराज मिश्र जैसे वरिष्ठ नेताओं को सेवानिवृत्त कर दिया गया। अब (गृह मंत्री) अमित शाह कहते हैं कि यह नियम मोदी जी पर लागू नहीं होता।'

उन्होंने भागवत से पूछा, 'क्या आप इस तथ्य से सहमत हैं कि जो नियम आडवाणी जी पर लागू होता है, वह मोदी जी पर लागू नहीं होगा?'

केजरीवाल जब जंतर-मंतर पर सभा को संबोधित कर रहे थे, तब भाजपा महज एक किलोमीटर दूर कनॉट प्लेस में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उनके और 'आप' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही थी।

भाजपा ने इसी मुद्दे पर राजघाट पर एक और विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। दूसरी ओर, जंतर-मंतर 'आप' के विशिष्ट नीले और पीले रंगों से सराबोर था। रैली स्थल के आसपास सैकड़ों समर्थकों ने बैनर लगा रखे थे, जिन पर केजरीवाल को 'हम में से एक' और निर्दोष बताया गया।

# जगन ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, नायडू को फटकार लगाने की मांग



**AMRAVATI :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री को 'आदतन झूठ बोलने वाला' करार देते हुए वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने तिरुपति लड्डू में मिलावट के मुद्दे पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से चंद्रबाबू नायडू को फटकार लगाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी को लिखे एक पत्र में जगन ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू राजनीतिक उद्देश्यों के लिए करोड़ों लोगों की आस्था को ठेस पहुंचाने के वास्ते इतने निचले स्तर पर उतर गए हैं। श्री वेंकटेश्वर स्वामी के समृद्ध मंदिर के संरक्षक तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) में घी स्वीकार करने की प्रक्रिया का विवरण देते हुए जगन ने आठ पृष्ठों के पत्र में आरोप लगाया कि नायडू के कृत्यों ने न केवल मुख्यमंत्री पद की प्रतिष्ठा को गिराया है, बल्कि सार्वजनिक जीवन में सभी लोगों को भी आहत किया है। साथ ही, टीटीडी और उसकी परंपराओं की पवित्रता को भी ठेस पहुंचाई है। जगन ने अपने पत्र में लिखा, 'महोदय, इस समय पूरा देश आपकी ओर देख रहा है। यह बहुत जरूरी है कि नायडू को झूठ फैलाने के उनके बेशर्म कृत्य के लिए कड़ी से कड़ी फटकार लगाई जाए और सच्चाई सामने लाई जाए। महोदय, इससे करोड़ों हिंदू श्रद्धालुओं के मन में नायडू द्वारा पैदा किये गए संदेह को दूर करने में मदद मिलेगी और टीटीडी की पवित्रता में उनका विश्वास बहाल होगा।'

घटनाक्रम की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखना जरूरी है कि कथित रूप से मिलावटी घी को अस्वीकार कर दिया गया था और उसे टीटीडी के परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई थी। हालांकि, नायडू ने दुर्भावनापूर्ण इरादे से 18 सितंबर को एक राजनीतिक पार्टी की बैठक में इस मुद्दे को उठाया। तेदेपा सुप्रीमो ने दावा किया था कि पूर्ववर्ती वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार ने श्री वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डू बनाने के लिए घटिया सामग्री और पशुओं की चर्बी का इस्तेमाल किया।

### न्यायालय में दायर की गई जनहित याचिका जांच का आग्रह

**NEW DELHI :** उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर कर तिरुपति के लड्डुओं में पशुओं की चर्बी के कथित इस्तेमाल की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। हिंदू सेना के अध्यक्ष एवं किसान सुरजीत सिंह यादव द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं को घी के बजाय पशुओं की चर्बी से तैयार 'लड्डू प्रसादम' प्रदान कर हिंदू धर्म का उपहास किया है और हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। याचिका में कहा गया है कि श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में 'लड्डू प्रसादम' तैयार करने में पशुओं की चर्बी के इस्तेमाल के आरोप ने हिंदू समुदाय की अंतरात्मा को झकझोर दिया है और इसके सदस्यों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।

### झामुमो गठबंधन के लिए बांग्लादेशी घुसपैठिए वोट बैंक हैं : केशव प्रसाद

**KODERMA (BHASHA) :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को आरोप लगाया कि बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड में झामुमो नीत गठबंधन के 'वोट बैंक' हैं और सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें राज्य से बाहर नहीं निकालेगी।



भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' के तहत कोडरमा में एक रैली को संबोधित करते हुए मौर्य ने हेमंत सोरेन सरकार पर अपने सभी चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रहने और झारखंड को भ्रष्टाचार के लिए कुख्यात बनाने का आरोप लगाया। मौर्य ने कहा, 'बांग्लादेशी घुसपैठिए, जो पहले केवल पश्चिम बंगाल तक ही सीमित थे, बड़ी संख्या में झारखंड में फैल गए हैं, जो एक बड़ी चुनौती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार उन्हें राज्य से बाहर नहीं निकाल सकती क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन घुसपैठियों को अपना वोट बैंक मानता है।'

### भारत ने पहला शतरंज ओलंपियाड खिताब जीता

**BUDAPEST :** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी ने स्लोवेनिया के खिलाफ 11वें दौर में अपने अपने मैच जीत लिये जिससे भारत ने रविवार को इतिहास रचते हुए 45वें शतरंज ओलंपियाड में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। ग्रैंडमास्टर और विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर गुकेश ने व्लादिमीर फेडोसीव को हराया जबकि एरिगेसी ने जान सुबेलज को हराया। अगर भारतीय टीम बाकी दो गेम हार भी जाती है तो भी वह स्वर्ण पदक जीत लेगी क्योंकि उन्हें खिताब जीतने के लिए 11वें दौर में सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी।

### हेमंत सरकार की मंईयां सम्मान यात्रा आज से, होंगी 25 हजार आमसभाएं

**PHOTON NEWS RANCHI:** हेमंत सरकार मंईयां सम्मान यात्रा शुरू करेगी। गढ़वा जिले के बंशीधर नगर से सम्मान यात्रा सोमवार से आरंभ होगी। इसके तहत पूरे राज्य में 25 हजार आमसभाएं, 7500 सभाएं व 1500 जगहों पर स्वागत समारोह होगा। पहले चरण में मंत्री बेबी देवी व विधायक कल्पना सोरेन के नेतृत्व में पलामू प्रमंडल के गढ़वा, मेदिनीनगर व लातेहार जिले से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इस अवसर पर स्थानीय मंत्री, विधायक व स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। 23 सितंबर को दिन के 11.45 बजे बंशीधर नगर में आम सभा व रमना और मेराल में सभा होगी। गढ़वा में शाम 7.30 बजे रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया है। 24 सितंबर को गढ़वा, मझिआंव, हैदरनगर, हुसैनाबाद, छतरपुर, नावानगर व पाटन में सभा व स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। रात 7.45 बजे दलित छात्रावास में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया है।



**रिपोर्ट** वर्ष 2022 में अनुसूचित जाति के खिलाफ अत्याचार के 97 फीसद मामले केवल 13 राज्यों में

# उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा केस

**NEW DELHI (BHASHA) :** अनुसूचित जाति के खिलाफ 2022 में अत्याचार के सभी मामलों में से लगभग 97.7 प्रतिशत मामले 13 राज्यों में दर्ज किए गए, जिनमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में ऐसे सबसे अधिक अपराध दर्ज किए गए। एक नयी सरकारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत नवीनतम सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, अनुसूचित जनजाति (एसटी) के खिलाफ अधिकांश अत्याचार भी इन 13 राज्यों में केंद्रित थे, जहां 2022 में सभी मामलों में से 98.91 प्रतिशत मामले सामने आए। अनुसूचित जाति (एससी) के खिलाफ कानून के तहत 2022 में दर्ज किए गए 51,656 मामलों में से, उत्तर प्रदेश में 12,287 के साथ कुल मामलों का 23.78 प्रतिशत हिस्सा था, इसके बाद राजस्थान में 8,651 (16.75 प्रतिशत) और मध्य प्रदेश में 7,732 (14.97 प्रतिशत) थे।

अनुसूचित जाति के खिलाफ अत्याचार के मामलों की ज्यादा संख्या वाले अन्य राज्यों में बिहार 6,799 (13.16 प्रतिशत), ओडिशा 3,576 (6.93 प्रतिशत), और महाराष्ट्र 2,706 (5.24 प्रतिशत) थे। इन छह राज्यों में कुल मामलों का लगभग 81 प्रतिशत हिस्सा है।

रिपोर्ट में कहा गया, वर्ष 2022 के

**छह राज्यों में कुल मामलों का लगभग 81% हिस्सा**

दौरान भारतीय दंड संहिता के साथ-साथ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत पंजीकृत अनुसूचित जाति के सदस्यों के खिलाफ अत्याचार के अपराधों से संबंधित कुल मामलों (52,866) में से 97.7 प्रतिशत (51,656) मामले तेरह राज्यों में हैं। इसी तरह, एसटी के खिलाफ अत्याचार के अधिकांश मामले 13 राज्यों में केंद्रित थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एसटी के लिए कानून के तहत दर्ज 9,735 मामलों में से, मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 2,979 (30.61 प्रतिशत) मामले दर्ज किए गए। राजस्थान में 2,498 (25.66 प्रतिशत) के साथ दूसरे सबसे अधिक मामले थे, जबकि ओडिशा में 773 (7.94 प्रतिशत) दर्ज किए गए। ज्यादा संख्या में मामलों वाले अन्य राज्यों में 691 (7.10 प्रतिशत) के साथ महाराष्ट्र और 499 (5.13 प्रतिशत) के साथ आंध्र प्रदेश शामिल हैं।

रिपोर्ट में अधिनियम के तहत जांच और आरोप-पत्र की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्रदान की गयी है।

अनुसूचित जाति से संबंधित मामलों में, 60.38 प्रतिशत मामलों में आरोप पत्र दायर किए गए, जबकि 14.78 प्रतिशत झूठे दावों या सबूतों की कमी जैसे कारणों से अंतिम रिपोर्ट के साथ समाप्त हुए। 2022 के अंत तक 17,166 मामलों में जांच लंबित थी। समीक्षाधीन अवधि के अंत में, अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अत्याचार से जुड़े 2,702 मामले अब भी जांच के अधीन थे। इसके अलावा, रिपोर्ट में कानून के तहत मामलों को संभालने के लिए गठित विशेष अदालतों की अपर्याप्त संख्या की ओर भी इशारा किया गया है। 14 राज्यों के 498 जिलों में से केवल 194 में इन मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के लिए विशेष अदालतें स्थापित की गई थीं।

**ममता का मोदी को पत्र**

### दावा-डीवीसी ने पानी छोड़ने से पहले नहीं ली सलाह

**KOLKATA :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में बाढ़ की स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक और पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) ने उनकी सरकार से परामर्श किए बिना अपने जलाशयों से पानी छोड़ दिया, जिससे राज्य के कई जिले जलमग्न हो गए। प्रधानमंत्री को लिखे ममता के पिछले पत्र का जवाब देते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा था कि राज्य के अधिकारियों को हर चरण में डीवीसी के जलाशयों से पानी छोड़े जाने के बारे में सूचित किया गया था, जो एक बड़ी आपदा को रोकने के लिए आवश्यक था। ममता ने कहा, हालांकि, माननीय मंत्री का दावा है कि डीवीसी के बांधों से पानी दामोदर घाटी जलाशय विनियमन समिति के साथ आम सहमति और सहयोग से छोड़ा गया था, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श भी शामिल था, मैं इससे सम्मानपूर्वक असहमति जताती हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय जल आयोग सभी अहम फैसले एकतरफा रूप से लेते हैं।

## समाचार सार

### पूर्व डीडीसी सीताराम बारी की पत्नी का निधन

**JAMSHEDPUR :** पूर्वी सिंहभूम के पूर्व उपविकास आयुक्त (डीडीसी) एवं कीताडीह निवासी सीताराम बारी की पत्नी छाया बारी का रविवार को निधन हो गया। 63 वर्षीय छाया बारी टीएमएच में इलाजरत थीं। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार (23 सितंबर) को कीताडीह स्थित कोल्हान हाउस से सुबह करीब 11 बजे निकलेगी। उनका अंतिम संस्कार बिष्टुपुर स्थित पार्वती घाट पर किया जाएगा।

### बारीडीह जाहेरथान के पास गिरा बिजली का तार

**JAMSHEDPUR :** बारीडीह स्थित जाहेरथान के पास बिजली का खंभा झुक गया है, जिससे खंभे का तार सड़क पर गिर गया है। स्थानीय लोगों को बड़ी दुर्घटना का डर सता रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह तार तीन दिन से गिरा हुआ है।

### महिला फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष बने कासिम

**JAMSHEDPUR :** साकची स्थित होटल केनेलाइट में रविवार को भारतीय महिला फुटबॉल महासंघ की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का चयन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से मो. कासिम अंसारी को अध्यक्ष चुना गया। इस बैठक में देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों और महासंघ के सभी सदस्यों ने भाग लिया।

### मायुमं की बॉलीवुड डांडिया 28 को, पोस्टर विमोचित

**JAMSHEDPUR :** मारवाड़ी युवा मंच की स्टील सिटी व सुरभि शाखा द्वारा 28 सितंबर को साकची स्थित रामगढ़िया सभा में बॉलीवुड डांडिया का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए रविवार को साकची स्थित होटल प्राइड में पोस्टर का विमोचन किया गया। मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि डांडिया नाइट शाम 7 बजे से होगा।

### डॉ. अरुण सज्जन किए गए सम्मानित

**JAMSHEDPUR :** सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन व तुलसी भवन द्वारा रविवार को हिंदी शिक्षक कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान संस्थान की ओर से श्रेष्ठ हिंदी शिक्षक सम्मान सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक सह विजिटिंग हिंदी प्रोफेसर (एक्सआईटीई. गम्हरिया) डॉ. अरुण सज्जन को दिया गया। इसके अंतर्गत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, श्रीफल, स्मृति चिह्न, सम्मान पत्र तथा 11 हजार रुपये नकद राशि प्रदान की गई।

### वेतन घटने से बढ़ रही आर्थिक विषमता

**JAMSHEDPUR :** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन (न्यू) की झारखंड इकाई का कन्वेशन रविवार को लक्ष्मीनगर स्थित वरिष्ठ नागरिक भवन में हुआ। इसमें वक्ताओं ने आर्थिक उदारीकरण के दौर मे पूरे समाज, खासकर मजदूर वर्ग पर बढ़ते हमले तथा उसके दुष्प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि इसका दुष्प्रभाव यह हो रहा है कि आर्थिक विषमता बढ़ती जा रही है। कन्वेंशन में सियाशरण शर्मा, सुजय राय, सतीश कुमार, श्याम किशोर, काशीनाथ प्रजापति, शैलेंद्र कुमार, साहेब राम भोक्ता, हीरा अरकने, डीएन सिह आदि ने विचार रखे, जबकि धन्यवाद ज्ञापन एफसीआई के मजदूर नेता मनोहर मंडल ने किया।

### मंत्री ने टोन्टो में किया ट्रांसफार्मर का लोकार्पण

**CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोन्टो प्रखंड के बामेबासा गांव में मंत्री दीपक बिरुवा ने रविवार को ट्रांसफार्मर का लोकार्पण किया। पिछले दो माह से ट्रांसफार्मर खराब था, जिससे गांव के लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। गांव में पुनः बिजली आने से लोगों में काफी हर्ष का माहौल बना रहा। इस मौके पर जिप सदस्य राज नारायण तुबिद, मंगल तुबिद, जीतू बारी, सेबोन बोयपाई समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### मझगांव का कोई गांव अंधेरे में नहीं रहेगा : विधायक

**MAJHGAON :** मझगांव विधानसभा का कोई गांव अब अंधेरे में नहीं रहेगा। यह बात मझगांव माहलीपोखर गांव के कोचासाई टोला में रविवार को नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते हुए विधायक निरल पूर्ति ने कही। विधायक ने कहा कि इस टोला में बिजली नहीं रहने की शिकायत ग्रामीणों ने की थी। इसके बाद विद्युत विभाग को तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया।

# संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में पहले दिन 64 व दूसरे दिन 48.8% परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

## जमशेदपुर समेत पूर्वी सिंहभूम जिले भर में कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण रही परीक्षा

**PHOTON NEWS JSR:** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का दूसरा व अंतिम दिन शहर समेत जिले भर में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त रहा। जिले में बने सभी 82 केंद्रों पर तीन पालियों में परीक्षा में कुल 37 हजार 368 से 19 हजार 111 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं 18 हजार 257 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उपायुक्त अनन्य मित्तल, एसएसपी किशोर कौशल समेत अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों ने पूरी परीक्षा प्रकिया की मॉनेटरिंग की। वहीं प्रतिनियुक्त प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों ने पेट्रोलिंग करते हुए परीक्षा पर नजर पैनी रखी। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से भी निगरानी रखी गई।

### जेएसएससी की परीक्षा खत्म होते ही लगा जाम

**JAMSHEDPUR :** जेएसएससी की परीक्षा खत्म होते ही रविवार को शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। हजारों परीक्षार्थी अपने घर जाने के लिए परीक्षा देकर निकले थे, जिससे सड़क जाम हो गए। सबसे ज्यादा भयावह स्थिति मानगो की रही, जहां वाहन बीच सड़क पर ही खड़े रहे। यहां शाम 5 बजे से लेकर 7 बजे तक वाहन रेंगते नजर आए। जिला पुलिस ने पूर्व से जाम से निपटने के लिए कोई रणनीति नहीं बनाई थी, जिस कारण सड़कों पर जाम लग गया। मानगो पुल से लेकर चारों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी।

इससे पूर्व परीक्षा के पहले दिन भी जिले के सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों की संख्या 23 हजार 368 थी, जिनमें से 8 हजार 405 परीक्षार्थी ही शामिल हुए थे। 14 हजार 963 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे थे। इस तरह परीक्षा में 64 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे थे। वहीं दूसरे दिन रविवार को 48.8 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के पहले दिन शनिवार को घाटशिला स्थित परीक्षा केंद्र घाटशिला कॉलेज में बैग, मोबाइल आदि रखने के लिए यथोचित स्थान को लेकर परीक्षार्थियों ने हंगामा किया था। लेकिन रविवार को वहां भी परीक्षा शांतिपूर्ण रही। परीक्षा के शांतिपूर्वण व कदाचारमुक्त संचालन के लिए जिले में कुल 82 केन्द्राधीक्षक, 82 स्टैटिक मजिस्ट्रेट के अलावा उड़नदस्ता दल के साथ 4+1 पुलिस बल व सभी केन्द्रों में 4+1 पुलिस बल प्रतिनियुक्त किया गया था। इसके अलावा 1000 से ज्यादा वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। परीक्षा के मद्देनजर केंद्र के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गयी थी। जिला प्रशासन की ओर से होटल, रेस्टोरेंट, गेस्टहाउस, लॉज, हॉस्टल आदि में लगातार जांच अभियान चलाया गया। सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा, बायोमीट्रिक अटेडेंस की व्यवस्था की गयी थी। वहीं पूरी तरह से जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने दिया गया।

### परीक्षा : एक नजर

| | |
|---|---|
| दो दिन में कुल परिक्षार्थी | : 60,736 |
| पहले दिन | : 23,368 |
| दूसरे दिन | : 37,368 |
| कुल उपस्थित | : 27,516 (45.3%) |
| कुल अनुपस्थिति | : 54.7% |
| पहले दिन | : 8,405(36.0%) |
| अनुपस्थिति | : 64% |
| दूसरे दिन | : 19,111(51.2%) |
| अनुपस्थिति | : 48.8% |

## क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट में हो सकता संशोधन, छोटे अस्पतालों को मिलेगी छूट

### बन्ना ने सोमवार को रांची में बुलाई बैठक, चिकित्सकों को तैयारी से आने को कहा

**PHOTON NEWS JSR:** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, झारखंड शाखा की ओर से रविवार को साकची स्थित आईएमए भवन में बैठक हुई, जिसमें राज्यभर से आईएमए व झासा के पदाधिकारी पहुंचे थे। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी उपस्थित थे। उन्होंने करीब एक घंटे तक चिकित्सकों की समस्या सुनी और उसे हरसंभव दूर करने का भरोसा दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट को लेकर उन्होंने पूर्व में एक कमेटी बनाई थी। उस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि यह केंद्र सरकार का कानून है। इसमें कुछ संशोधन करने के लिए केंद्र से दिशा-निर्देश लेना होगा। इस पर चिकित्सकों ने कहा कि देश के क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट में कुछ जरूरी संशोधन हो सकता है। इसे लेकर स्वास्थ्य मंत्री ने मंगलवार को रांची में बैठक बुलाई है, जिसमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) और झारखंड हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन (झासा) के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इस दौरान चिकित्सकों के कई प्रमुख मांगों पर चर्चा होगी और उसे अमलीजामा पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। दरअसल, 15 से अधिक राज्यों ने 50 बेड से कम नर्सिंग होमों को कई तरह की छूट दी है। इसपर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आपलोग पूरे तथ्य और तैयारी के साथ मंगलवार को रांची आइए। उस बैठक में स्वास्थ्य सचिव से लेकर सभी वरीय अधिकारी होंगे। इसपर गंभीरता से चर्चा होगी और जो संभव होगा उसका निदान करने का प्रयास अगले 20 से 25 दिनों के अंदर किया जाएगा।

मंत्री का स्वागत करते चिकित्सक • फोटोन न्यूज

### दुष्कर्म मामलों के लिए बने हर जगह फास्ट ट्रैक कोर्ट

**JAMSHEDPUR :** सोनारी स्थित आदर्श सेवा संस्थान ने दुष्कर्म मामलों में त्वरित न्याय के लिए हर जगह फास्ट ट्रैक कोर्ट की जरुरत बताई है। संस्था की संचालक प्रभा जायसवाल ने बताया कि केस बैकलॉग को कम करने में फास्ट ट्रैक की भूमिका अहम होगी। यह कोर्ट दुष्कर्म और पोक्सो मामलों में अन्य अदालतों की तुलना में बहुत अधिक कारगर होगा। 2022 में सभी अदालतों में ऐसे मामलों के निपटान की दर 10% थी, जबकि पूरे भारत में एफटीएससी में यह 83% थी। आदर्श सेवा संस्थान ने राज्य सरकार से दुष्कर्म के मामलों में न्याय सुनिश्चित करने के लिए और अधिक एफटीएससी स्थापित करने की अपील की है।

## बहरागोड़ा से आज शुरू होगी भाजपा की परिवर्तन यात्रा

**GHATSILA :** भाजपा की परिवर्तन यात्रा सोमवार को बहरागोड़ा से शुरू होगी, जिसमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी शामिल होंगे। इस दौरान शाखा मैदान में 11 बजे जनसभा होगी, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, सांसद बिद्युत बरण महतो, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, जिला अध्यक्ष चंडी चरण साव, विधानसभा प्रभारी अभय सिंह सहित कई नेता मौजूद रहेंगे। जिला मीडिया प्रभारी रविशंकर सिंह ने बताया कि बहरागोड़ा से परिवर्तन यात्रा रथ माटीहाना, मानुषमुड़िया होते हुए चाकुलिया पहुंचेगा। इसके बाद चाकुलिया से नूतनगढ़, धालभूमगढ़, काशीदा होते हुए रथ घाटशिला के राजस्टेट मैदान में शाम 4 बजे पहुंचेगा। यहां भी जनसभा होगी। घाटशिला की सभा के बाद परिवर्तन यात्रा मुसाबनी रवाना होगी, जहां सभा के बाद भाजपा नेता घाटशिला में रात्रि विश्राम करेंगे। 24 सितंबर को परिवर्तन यात्रा केंदडीह, पुरनापानी होते हुए जादूगोड़ा और पोटका रवाना होगी।

### नितिन गडकरी 1 को आएंगे चाईबासा

**CHAIBASA :** चाईबासा : भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा 1 अक्टूबर को चाईबासा स्थित गांधी मैदान में होगी। इसमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व अन्नपूर्णा देवी भी शामिल होंगी। इसे लेकर रविवार को नगर कमेटी के अध्यक्ष पवन शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद, नगर प्रभारी लालमुनी पूर्ति, टोन्टो प्रभारी गीता बलमुचु व पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश पुरी सहित कई वरिष्ठ भाजपाई उपस्थित रहे।

## बारीडीह से एग्रिको तक निकाली गई यूपी-बिहार स्वाभिमान यात्रा

रैली में नारेबाजी करते लोग • फोटोन न्यूज

**JAMSHEDPUR :** शहर में पहली बार यूपी-बिहार स्वाभिमान यात्रा रविवार को निकली, जो बारीडीह दुर्गा पूजा मैदान से एग्रिको ट्रांसपोट मैदान तक गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में यूट्यूबर मनीष कश्यप को बुलाया गया था, पर इस यात्रा के विरोध को देखते हुए मनीष को रांची में ही रोक दिया गया। यूपी-बिहार एकता मंच के संयोजक सागर तिवारी ने कहा कि राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और प्रशासन ने इस रैली को बाधित करने के लिए प्रयास किए। इसके साथ ही, कई संगठनों ने दुष्प्रचार किया कि रैली स्थगित कर दी गई है। झारखंड में इंटरनेट बंद होने के कारण लोगों को सही सूचना नहीं मिल पाई, जिससे कार्यक्रम में भागीदारी प्रभावित हुई। इस रैली का उद्देश्य पिछले कुछ समय से यूपी और बिहार वासियों को बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ जोड़कर किए जा रहे शोषण के खिलाफ लोगों में जागरूकता लाना था।

### नई एसडीओ ने लिया प्रभार, कहा- लॉ एंड ऑर्डर रहेगी प्राथमिकता

**JAMSHEDPUR :** शताब्दी मजूमदार ने रविवार को एसडीओ, धालभूम का प्रभार ग्रहण कर लिया। उन्हें निवर्तमान एसडीओ पारुल सिंह ने प्रभार सौंपा। पारुल सिंह ने 7 मार्च को पद संभाला था। इस मौके पर मजूमदार ने कहा कि बताया कि वे जमशेदपुर में पीडीआई के पद पर कार्य कर चुकी हैं। उनकी प्राथमिकता शहर में लॉ एंड ऑर्डर की समस्या का समाधान करना होगा। इस मौके पर पूर्व एसडीओ पारुल सिंह ने अपने 6 महीने के कार्यकाल पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने कार्यकाल में किसी प्रकार का पछतावा नहीं है, क्योंकि उन्होंने पूरी ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। उन्होंने शहरवासियों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से वे अपनी कार्ययोजना को सफलतापूर्वक लागू कर सकीं।

## ओजोन परत को बचाने के लिए जन जागरूकता जरूरी : डॉ. अमर सिंह

### जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में मना विश्व ओजोन दिवस

**PHOTON NEWS JSR:** विश्व ओजोन दिवस (16 सितंबर) पर जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में रविवार को ओजोन परत के संरक्षण पर चर्चा हुई। प्राचार्य डॉ. अमर सिंह ने कैंपस में पांच फलदार वृक्षों के पौधे रोप तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। डॉ. सिंह ने कहा कि ओजोन परत के महत्व और उसके संरक्षण की आवश्यकता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। ओजोन परत सूर्य की हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणों को पृथ्वी तक पहुंचने से रोकती है, जो मानव जीवन और पर्यावरण के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। यह दिन वैश्विक जागरूकता फैलाने और ओजोन परत की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की प्रेरणा देता है। मुख्य वक्ता अमित सिन्हा ने कहा कि हमें ओजोन-क्षयकारी पदार्थों का उपयोग कम करना चाहिए, ताकि ओजोन परत को बचाया जा सके। वनस्पति विज्ञान विभाग के एचओडी डॉ. ब्रजेश कुमार कहा कि विश्व ओजोन दिवस की शुरूआत वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र ने की थी। इसका उद्देश्य 1987 के मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के महत्व को रेखांकित करना है। इस प्रोटोकॉल के तहत ओजोन क्षयकारी पदार्थों के उपयोग को नियंत्रित किया गया है। यह दिवस मनाने से ओजोन परत की रक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को समर्थन मिलता है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए ओजोन परत पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रथम प्रज्ञा कुमारी व मुकेश कुमार, द्वितीय रूप रानी व पूनम कुमारी तथा तृतीय खुशबू कुमारी और पूनम कुमारी रहीं।

पौधारोपण करते प्राचार्य • फोटोन न्यूज

### राजनेताओं को दी चुनाव में परिणाम भुगतने की चेतावनी

## ब्राह्मणी नदी के बीच ग्रामीण कर रहे पुल निर्माण की मांग

**CHAKRADHARPUR:** चक्रधरपुर व बंदगांव प्रखंड के सुरबुडा, केरा व भालुपानी पंचायत के 15 हजार ग्रामीण पिछले 20 वर्षों से जानुमबेड़ा-केरा में ब्राह्मणी नदी पर पुल बनाने की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर ग्रामीण कई बार जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को पत्र भी सौंपा, लेकिन ग्रामीणों को केवल आश्वासन मिला। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने जानुमबेडा गांव में रविवार को केरा गांव के मुंडा माटु हेंब्रम की अध्यक्षता में ग्रामसभा का आयोजन किया, जिसमें सुरबुडा पंचायत के मुखिया जंगल सिंह गागराई भी मौजूद थे। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि पुल बनाने की मांग पिछले 20 वर्ष से की जा रही है, लेकिन जिला प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि चुप्पी साधे हुए हैं। पुल नहीं होने से ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय पहुंचने में 22 से 25 किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ रही है। बारिश के मौसम में ग्रामीण प्रखंड मुख्यालय से कट जाते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि पुल नहीं बना तो आने वाले सभी चुनाव में जनप्रतिनिधियों को परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। इस मौके पर मुंडा सुखलाल बोदरा, जोन गागराई, जयपाल गागराई, सीताराम गागराई, सुरेश केराई, शिवचरण बोदरा, मांगता बोदरा, मानसिंह केराई, मंगल सिंह बोदरा, मानसिंह हेंब्रम, रोमिया गागराई, अजीत हेंब्रम, कुंवर सिंह केराई, गारदी बोदरा, कान्हुराम केराई, दशरथ बोदरा, नारायण केराई, बेराग केराई, बागुन केराई, जंगल सिंह केराई, लेपा केराई, मरियम केराई, पालो केराई, मेरी गोरेती केराई, रानी केराई, बुधनी हेंब्रम, सुखमती हेंब्रम, सीमा हेंब्रम, पूनम बोदरा, मानती गागराई समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

नदी में प्रदर्शन करते बच्चे व महिला-पुरुष • फोटोन न्यूज

### पुल बनने से 15 हजार ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

जानुमबेडा-केरा के बीच ब्राह्मणी नदी में पुल बनने से तीन पंचायत सुरबुडा, केरा व भालुपानी पंचायत के जानुमबेडा, पटणा, रांसीपता, पेटेईकीर, तिलोपोदा, बुरुडीहा, बाइसाई, रोटोपोली, डोमरा, ढ़ीपासाई, मसुरीबाई, लालबाजार, सारूगाडा, कुचारूंग, चिंगिदा, तोतकोरा के करीब 15 हजार ग्रामीणों को लाभ मिलेगा. ग्रामीण आसानी से प्रखंड मुख्यालय पहुंच सकेंगे. सुरबुडा पंचायत के मुखिया जंगल सिंह गागराई ने कहा कि पिछले 20 सालों से ब्राह्मणी नदी में पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं है। इसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश है।

### शारदा सिन्हा के पति डॉ. ब्रजकिशोर का निधन

**JAMSHEDPUR :** लोकगायिका शारदा सिन्हा के पति डॉ. ब्रज किशोर सिन्हा का रविवार को पटना में निधन हो गया। 80 वर्षीय डॉ. सिन्हा ब्रेन हेमरेज होने के बाद वेंटिलेटर पर थे। डॉ. ब्रजकिशोर सिन्हा ने शिक्षा विभाग में रीजनल डिप्टी डायरेक्टर पद से सेवानिवृत्त होने के बाद जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज (अब यूनिवर्सिटी) में भी सेवा दी थी। कॉलेज में वे शिक्षा संकाय के प्राचार्य थे। जानकारी के अनुसार दो दिन पहले वह घर में गिर गए थे, जिससे उनके सिर में चोट आ गई थी। चोट के कारण उन्हें ब्रेन हेंब्रेज हो गया और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। दो दिनों तक इलाज के बाद उन्होंने रविवार को अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार पटना के सोमवार को गुलबी घाट पर किया जाएगा। डॉ. सिन्हा के निधन पर जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज की पूर्व प्राचार्य व कोल्हान विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. शुक्ला मोहंती ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## वंदेभारत समेत आधा दर्जन ट्रेनें 24 से 29 तक रद्द

**JAMSHEDPUR :** चक्रधरपुर रेल मंडल में हो रहे विकास कार्यों और आदित्यपुर में चल रहे नॉन इंटरलिंकिंग कार्य के कारण टाटानगर से चलने वाली 6 ट्रेनों को 24 से 29 सितंबर तक रद्द किया गया है। इसमे टाटा-ब्रह्मपुर-टाटा वंदेभारत एक्सप्रेस, राउरकेला-हावड़ा-राउरकेला वंदेभारत एक्सप्रेस, टाटा-जयनगर-टाटा एक्सप्रेस को आागामी सप्ताह अलग अलग दिनों रद्द किया गया है। वहीं इसके साथ ही उत्कल एक्सप्रेस और दुर्ग-आरा दक्षिण बिहार एक्सप्रेस को डायवर्ट रूट से चलाने का आदेश जारी हुआ है। 24-27 सितंबर तक दक्षिण बिहार एक्सप्रेस और उत्कल एक्सप्रेस टाटानगर नहीं आएगी। अचानक इन ट्रेनों के रद्द होने से हजारों यात्रियों को परेशानी होगी। हालांकि रेलवे इन यात्रियों को पूरा रिफंड वापस करेगी।

### इन ट्रेनों को किया गया रद्द

- 20871/20872 हावड़ा-राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस- 25, 26,27 और 28 सितंबर।
- 20891/20892 टाटानगर-ब्रह्मपुर वंदे भारत एक्सप्रेस - 25,26,27 और 28 सितंबर।
- 18119/18120 टाटानगर-जयनगर एक्सप्रेस - 27 सितंबर।

### ट्रेनों का डायवर्सन

- 18477 पुरी-योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस, 25-27 सितंबर तक झारसुगुड़ा-इब के रास्ते डायवर्टेड रूट पर चलेगी।
- 18478 योग नगरी ऋषिकेश-पुरी एक्सप्रेस, 25-27 सितंबर तक इब-झारसुगुड़ा के रास्ते डायवर्ट होकर चलेगी।
- 13287 दुर्ग-आरा एक्सप्रेस, 25-27 सितंबर तक टाटानगर नहीं आकर सीनी-कांड्रा के रास्ते डायवर्टेड रूट पर चलेगी।
- 13288 आरा-दुर्ग एक्सप्रेस, 24-26 सितंबर तक टाटानगर नहीं आकर कांड्रा-सीनी के रास्ते डायवर्टेड रूट पर चलेगी।

BRIEF NEWS

## धनबाद रेल मंडल में बेटिकट 963 यात्रियों से 3.91 लाख की वसूली

**RAMGARH :** रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर मजिस्ट्रेट के द्वारा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर चेकिंग के दौरान 963 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा गया। उन सभी यात्रियों को कुल 3.91 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने बताया कि टिकट चेकिंग अभियान को धनबाद- कोडरमा खंड में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में चलाया गया।

## राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में रामगढ़ के खिलाड़ी भी होंगे शामिल

**RAMGARH :** झारखंड राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन चाईबासा में 27 से 29 सितंबर तक होने वाला है। इस प्रतियोगिता में रामगढ़ के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। इस विषय को लेकर रविवार को मिलोनी क्लब के कराटे हॉल में कबड्डी संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परमदीप सिंह कालरा की ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि दिनांक 24 सितंबर को गुरुनानक स्कूल में एक दिवसीय ट्रायल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

## पोता की हत्या के आरोप में दादा गिरफ्तार

**PALAMU :** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के होल्या गांव निवासी अंकुश कुमार सिंह के 8 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार का शव 19 सितंबर 2024 को गांव के आहर से बरामद किया गया था। शिवम की माता खुशबू देवी के फर्द बयान के आधार पर हुसैनाबाद थाना में शिवम कुमार के दादा कपिलदेव सिंह के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में दादा पर ही अपने पोते की हत्या करने का आरोप लगा था। मामले में रविवार को पुलिस ने आरोपी दादा को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी की पुष्टि हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने की है।

## अपराधियों ने आउटसोर्सिंग कंपनी का बंद कराया काम

**RAMGARH :** रामगढ़-हजारीबाग की सीमा पर उरीमारी सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र के उरीमारी परियोजना में अपराधियों ने एक फिर दस्तक दी है। परियोजना में कार्यरत आशीर्वाद रियल स्टेट एंड ट्रांसपोर्टिंग कम्पनी के कार्यस्थल पर नकाबपोश अपरिधियों ने रविवार को कम्पनी के कर्मचारियों को काम बंद करने को कहा गया। साथ ही बॉस से बात करने से पहले काम नहीं करने की बात कही। इसके बाद अपराधी गंधोनिया होते हुए भुरकुंडा की ओर भाग निकले। बताया जाता है कि अपराधी एक मोटरसाकल पर दो की संख्या में आए थे। चालक हेलमेट पहने हुए था, जबकि दूसरा अपराधी चेहरे पर नकाब लगाया था। घटना के बाद कम्पनी का काम पूरी तरह बंद है और कर्मियों व अधिकारियों में दहशत है। इस मामले में दोनों जिलों की पुलिस सक्रिय है और छापेमारी अभियान चला रही है।

### पलामू पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, पांच अपराधी अरेस्ट

# लूटपाट करने वाले इंटर स्टेट गिरोह का पर्दाफाश

**PHOTON NEWS PALAMU :** रविवार को जिले में पुलिस ने जेवर दुकान से लूटपाट करने वाले इंटर स्टेट गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सदस्यों के पास से पुलिस ने एक पिस्टल और दो देसी कट्टा बरामद किया है। गिरफ्तार सदस्य झारखंड और बिहार के कई इलाकों में बड़ी लूट की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। गिरोह के कुछ सदस्य पहली बार पकड़े गए हैं।

अपराधियों के बारे में मीडिया को जानकारी देते पुलिस अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

बता दें कि पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र में पांच सितंबर को जेवर कारोबारी अशोक कुमार सोनी के साथ लूटपाट की थी। घटना के बाद पलामू पुलिस लगातार गिरोह के खिलाफ अभियान चला रही थी। इसी बीच पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि छतरपुर थाना क्षेत्र के मदनपुर के इलाके में 8 से 10 की संख्या में अपराधी किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम, इंस्पेक्टर द्वारिका राम और थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने छापेमारी की। इस छापेमारी में मौके से 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। अपराधियों के पास से पुलिस ने चार जिंदा गोली और दो छुरा के अलावा लूट का 54 ग्राम सोना बरामद किया गया है।

**बिहार का रहने वाला है मास्टरमाइंड :** पलामू एसपी रीष्मा रामेशन ने बताया कि अशोक सोनी लूटकांड में शामिल अपराधियों ने घटना के बाद आपस में 10-10 ग्राम सोना का बंटवारा किया था। गिरफ्तार आरोपी राकेश कुमार पलामू के हरिहरगंज, पंकज पासवान, कुटुंबा का, विशाल सोनी, विकास सोनी और राहुल कुमार बिहार के औरंगाबाद के रहने वाले हैं। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने कई खुलासे किए हैं और गिरोह के सदस्यों के नाम बताए हैं। गिरोह के मास्टरमाइंड के खिलाफ पुलिस अभियान चला रही है।

## लाठी-डंडे से पीट-पीटकर युवक की ले ली जान

**PAKUR :** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जामतल्ला गांव में एक व्यक्ति की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन में जुट गई। परिजनों के मुताबिक 37 वर्षीय मिठू शेख जामतल्ला गांव किसी व्यक्ति के घर पंखा ठीक करने गया था। इस दौरान गांव के ही लाखफोड़ शेख, कौशर शेख, लुत्फल शेख, असरा शेख, मानताजुल शेख, हुमायूं शेख सहित अन्य लोगों ने मिठू को घेर लिया और लाठी-डंडा व धारदार हथियार से हमला करने लगे, जिसमें मिठू बुरी तरह से घायल हो गया। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना मुफस्सिल थाने की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस पदाधिकारी दलबल के साथ पहुंचे। जिसके बाद घायल मिठू को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# वाहन की चपेट में आकर एक परिवार की दो बहुओं की मौत

घटना के बाद सड़क जाम करते लोग। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS DUMKA :** रविवार को हंसडीहा थाना क्षेत्र के महेशखंदा गांव के समीप एक अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से दो युवतियों की मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों मृतका शादीशुदा थीं और उनका आपस में गोतनी का रिश्ता था। जबकि इस घटना में एक अन्य युवती भी गंभीर रूप से घायल है।

इस घटना से आक्रोशित लोगों ने एनएच 114 ए दुमका-भागलपुर मार्ग को जाम कर दिया। घटना कुरमाहाट स्टेशन के ठीक सामने की है। दरअसल दुमका जिले के महेशखंदा हंसडीहा थाना क्षेत्र के महेशखंदा गांव की एक ही घर की दो बहू प्रियंका कुमारी (21 वर्ष) और सोनी कुमारी (22 वर्ष) की

● दोनों महिलाएं पुलिस बहाली के लिए पिछले कई दिनों से कर रही थीं दौड़ का अभ्यास

इच्छा पुलिस में बहाल होने की थी। इसी की तैयारी लिए पिछले कई दिनों से दोनों दौड़ का अभ्यास कर रही थी। आज दोनों महिला घर के बगल की एक युवती पूजा कुमारी (18 वर्ष ) के साथ जब दुमका - भागलपुर मार्ग पर दौड़ रही थी, उसी वक्त एक अनियंत्रित हाइवा ने तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में प्रियंका कुमारी और सोनी कुमारी की मौके पर मौत हो गई। जबकि साथ में गई घर की एक लड़की गंभीर रूप से घायल हुई, जिसे इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है।

# सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की गई जान

घटना के बाद सड़क जाम करते लोग। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** रविवार को जिले में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक महिला को गंभीर चोट आयी है। तेज रफ्तार बोलेरो ने पहले बाइक को अपनी चपेट में लिया, इससे एक स्थानीय युवक की मौत हो गयी।

हादसे से घबराकर बोलेरो ड्राइवर ने गाड़ी की स्पीड और बढ़ा दी, जिससे गाड़ी अनियंत्रित हो गयी और एक दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। इससे एक और युवक की मौत हो गयी, जबकि एक महिला चोटिल हो गयी। तेज गति से आ रही बोलेरो ने बाइक सवार को कुचल दिया। इससे दो लोगों की मौत हो गयी। बोलेरो बरजो की ओर से घोरथंभा की ओर जा रही थी। इसी दौरान अम्बाटांड़ में तेज गति में आती बोलेरो ने स्थानीय निवासी बाइक सवार चालीस वर्षीय मुशर्रफ अंसारी (पिता सादिक मियां) को अपनी चपेट में ले लिया। इससे उसकी मौत हो गयी। मुशर्रफ घर के रोजमर्रा के सामान की खरीदारी को लेकर घोरथंभा बाजार जा रहा था। इसी दौरान वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। सड़क दुर्घटना के बाद बोलरो के ड्राइवर ने गाड़ी की रफ्तार और तेज कर दी। इस कारण गाड़ी अनियंत्रित हो गयी।

## तोरपा विस क्षेत्र के हर गांव तक विकास योजनाओं को पहुंचाया : कोचे मुंडा

**KHUNTI :** तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि उन्होंने अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों तक विकास योजनाओं को पहुंचाने का प्रयास किया है और पूरी राशि का सदुपयोग किया है। विधायक ने कहा कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र के चारों प्रखंडों तोरपा, कर्रा, रनिया और बानो प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवों में भी विकास योजनाओं को पहुंचाया है। विधायक कोचे मुंडा रविवार को ममरला गांव स्थित अपने आवास में प्रेस कॉनफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में कई पुल-पुलियों की अनुशंसा की और उनका निर्माण पूरा कराया। उन्होंने कहा कि लगभग सभी गांवों में पीसीसी सड़कों, चापानलों का अधिष्ठापन, सोलर वाटर सप्लाई सहित कई क्षेत्रों में काम किया। विधायक ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र की जनता की मांग के अनुरूप विभिन्न योजनाओं की अनुशंसा की।

# झारखंड हाईकोर्ट ने कहा, अदालत के आदेश के साथ सरकार ने की धोखाधड़ी

● बिना आदेश परीक्षा को लेकर आगे से बंद नहीं हो इंटरनेट सेवा

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन व जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की खंडपीठ में झारखंड स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर इंटरनेट सेवा बंद करने के विरुद्ध दाखिल याचिका पर अवकाश के बावजूद रविवार को लगातार दूसरे दिन विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि कोर्ट के आदेश के साथ सरकार ने धोखाधड़ी (फ्रॉड) की है। अदालत ने पूछा कि जब शनिवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया था कि मोबाइल इंटरनेट सेवा आंशिक रूप से बंद किया गया है तो दूसरे दिन रविवार को ब्रॉड बैंड, लीज लाइन सहित अन्य इंटरनेट सेवा बंद करने का आदेश कैसे दे दिया गया। क्या यह कोर्ट के साथ फ्रॉड नहीं है। ऐसा करना प्रथमदृष्टया आपराधिक अवमानना का मामला बनता है। इस पर कोर्ट में मौजूद गृह सचिव वंदना डाडेल ने कोर्ट को बताया कि खुफिया सूचना के बाद रविवार को

### हजारीबाग में परीक्षार्थियों ने किया हंगामा

**HAZARIBAGH :** सीजीएल परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को सदर प्रखंड के सिंघानी में बनाए गए जैक एंड जिल स्कूल परीक्षा केंद्र में दूसरी पाली खत्म होने के बाद बाहर निकले परीक्षार्थियों ने हंगामा किया। हंगामा का कारण कमरा नंबर 13, 16 और 19 में प्रश्नपत्र पैकेट का खुला होना था। आरोप था कि खोरठा विषय के परीक्षा के दौरान जो पेपर उन्हें मिला उसका सील टूटा हुआ था। परीक्षार्थियों का यह भी आरोप था कि किसी भी परीक्षा में पेपर क्रमानुसार नहीं मिला। छात्रों का यह भी आरोप था कि इस बात को लेकर आपत्ति दर्ज की तो केंद्र के परीक्षक ने कहा कि अगर विरोध करोगे तो परीक्षा देने से रोक दिया जाएगा। इसके बाद छात्रों ने परीक्षा दी और बाहर आने के बाद आपत्ति दर्ज कराई। हंगामे की सूचना पर जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय हो गया और नगर आयुक्त ने तत्काल परीक्षा केंद्र पहुंच कर मामले को शांत कराया। पूरे प्रकरण में उपायुक्त नैन्सी सहाय व एसपी अरविंद कुमार सिंह ने शाम को प्रेसवार्ता कर बताया कि केंद्राधीक्षक से रिपोर्ट मांगी गई है। परीक्षा का बहिष्कार नहीं हुआ है और परीक्षार्थियों ने शांतिपूर्वक परीक्षा दी है। दूसरे दिन प्रतियोगिता परीक्षा कुल तीन पालियों में संपन्न हुई। 16386 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे।

संबंधित सेवाएं बंद की गईं। इसके बाद अदालत ने राज्य सरकार और इंटरनेट प्रदाता कंपनियों को स्पष्ट किया कि कोर्ट में मामला लंबित रहने तक और भविष्य में जब तक अदालत आदेश नहीं दे, परीक्षा को लेकर राज्य में इंटरनेट सेवा बंद नहीं की जाएंगी। मामले में अगली सुनवाई 14 नवंबर को होगी। इधर, प्रार्थी अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण की ओर से बताया गया कि उनके मोबाइल पर जिओ कंपनी की ओर से सूचना दी गई कि सरकार के आदेश पर इंटरनेट सेवा सुबह चार बजे से शाम साढ़े तीन बजे तक बंद रहेगी, जबकि राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि उनकी ओर से सुबह आठ बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक ही मोबाइल इंटरनेट, ब्रॉड बैंड और लीज लाइन सहित अन्य सेवाएं बंद रखने का आदेश दिया है। अदालत ने जिओ कंपनी के अधिकारी से पूछा कि जब सरकार ने ऐसा आदेश नहीं दिया है तो कंपनी की ओर से ऐसा मैसेज कैसे जारी किया गया है। इस पर जिओ के अधिकारी ने कहा कि गलती हो गई। अदालत ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसी गलती के लिए आपको यहां से सीधे जेल भेज दिया जाएगा।

## कुदाल से प्रहार कर पति ने पत्नी को मार डाला

**LOHARDAGA :** सदर थाना क्षेत्र के जुरिया सेमर टोली गांव में एक शख्स ने अपनी पत्नी की कुदाल से वार कर हत्या कर दी है। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी वहीं बैठा रहा। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी सुकरा उरांव को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त कुदाल को पुलिस ने जब्त कर लिया है। हालांकि अब तक हत्या के पीछे की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस से जानकारी के अनुसार रविवार को अंगनी उरांव घर के आंगन ने बैठी थी। इसी दौरान सुकरा उरांव आया और पत्नी अंगनी के गले पर ताबड़तोड़ कुदाल से वार कर दिया। जिससे अंगनी उरांव (35 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई।

# लोहरदगा के वृद्धाआश्रम में लीगल मेडिको कैंप का किया गया आयोजन

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** डालसा लोहरदगा ने अकेले नहीं है आप कार्यक्रम के तहत लीगल-मेडिको कैंप का आयोजन किया, जिसमें जिला जज द्वितीय नीरजा आसरी, डालसा सचिव राजेश कुमार, सब जज द्वितीय अर्चना कुमारी, प्रधान मजिस्ट्रेट जया स्मिता कुजूर एवं वृद्धाश्रम की संचालिका मनोरमा एक्का उपस्थित रहीं। कैंप में 15 वृद्धों का स्वास्थ्य जांच किया गया। साथ ही चिकित्सकों ने उन्हें स्वास्थ्य को लेकर उचित सलाह भी दी। लीगल-मेडिको कैंप में सदर अस्पताल लोहरदगा की पूरी टीम ने आरपी साहू के नेतृत्व में उपस्थित वृद्ध जनों एवं महिलाओं का शुगर, बीपी, सर्दी खांसी सहित

अन्य चिकित्सीय जांच की एवं दवाइयों का वितरण किया। साथ ही वृद्ध जनों एवं उपस्थित लोगों के बीच फल एवं मिठाइयों का वितरण किया गया। आने वाले ठंड को देखते हुए आवासित वृद्ध जनों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। एडीजे द्वितीय नीरजा आसरी ने कहा कि जीवन में सबसे जरूरी है खुश रहना। जो लोग आपलोगों को छोड़ दिए है उसके लिए दुखी नहीं होना है। आज के समय में जो आपका सहारा बन जाए वही आपका अपना है। उन्होंने कहा कि एक दूसरे से मिलकर रहें।

## कोडरमा में 30 लाख का ढिबरा जब्त, एक गिरफ्तार

**KODERMA :** रविवार को डोमचांच थाना अंतर्गत महेशपुर से वन विभाग ओर डोमचांच पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर अवैध ढिबरा लदा एक ट्रक को जब्त किया है। मामले मे ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है जिसकी पहचान अनिल यादव के रूप मे की गई है। जब्त ढिबरा की कीमत लगभग तीस लाख रुपए आंका गया है। वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि डोमचांच के कबरा बूट से सुनील मेहता और सीताराम बरनवाल के द्वारा अवैध खनन कर एक ट्रक मे अवैध तरीके से ढिबरा लोड कर कोलकाता ले जाया जा रहा है। जिसके बाद वन विभाग और पुलिस की एक छापेमारी टीम का गठन कर महेशपूर के समीप ट्रक को लोड कर जाँच की गई जिसमे ढिबरा लोड था।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा आज खूंटी में, शुरू करेंगे परिवर्तन यात्रा

**PHOTON NEWS KHUNTI :** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में भाजपा की परिवर्तन यात्रा सोमवार से शुरू हो रही है। इस परिवर्तन यात्रा को शुरूआत करने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा खूंटी आ रहे हैं। जिसकी तैयारियां जोरों शोरों से की जा रही है। इन तैयारियों का जायजा लेने खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा कार्यक्रम स्थल पहुंचे।

खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने परिवर्तन यात्रा के बहाने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि परिवर्तन यात्रा कई मायनों में खास है, क्योंकि इन पांच सालों में झारखंड की जनता पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। इस सरकार में झारखंड का विकास नहीं हो सकता। जिस उद्देश्य से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड राज्य का गठन किया था, वह उद्देश्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा के माध्यम से वर्तमान झारखंड की हेमंत सरकार को सत्ता से हटाना है। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती से शुरू होनी है, इसलिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

### बिनोद बिहारी की 101वीं जयंती पर झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा का आयोजन आज

# हम लड़ेंगे नौजवानों के हक की लड़ाई : सुदेश

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि खेत, किसान और नवजवान के हक की लड़ाई हम लड़ेंगे। झारखंड को विस्थापन के दंश से हम बाहर निकालेंगे। महतो ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बंदूक चलाना जानती है और झारखंड की छाती को छलनी करने की इनकी आदत रही है।

झारखंड आंदोलनकारियों की छाती में गोली चलाने वाली पार्टी है कांग्रेस। यह इनका काला सच है। पिछड़ा, विस्थापन और बेरोजगारी सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। इस पार्टी से राज्य के विकास की उम्मीद रखना बेईमानी है। इनके लिए विकास का कोई मापदंड नहीं है न ही विकास इनके लिए कोई मायने रखता है। सुदेश कुमार महतो +2 हाई स्कूल फुटबॉल मैदान में

आजसू प्रमुख सुदेश महतो का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

रविवार को आयोजित बड़कागांव विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। मौके पर विधानसभा क्षेत्र के हजारों चूल्हा प्रमुखों ने अपने पद की शपथ ग्रहण की। महतो ने कहा कि राज्य सरकार जनता की भावनाओं पर राजनीति कर रही है। सरकार ने राज्य की बड़ी आबादी के साथ धोखा किया है। जनाकांक्षा हमारी प्राथमिकता है। हमारी तैयारी जमीन के मालिक को उसका उचित हक और अधिकार दिलाने की है। सिर्फ मुआवजा नहीं बल्कि मुआवजा के साथ नौकरी और शेयर पर भी बात होगी। जमीन के मालिक भी अपने होंगे और कंपनी के अंदर काम भी अपने लोग करेंगे। पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार सातवें आसमान पर है। मुफ्त बिजली देने की बात करने वाली सरकार दिन में दस घंटे भी बिजली नहीं दे पा रही है। इन्होंने सरकारी पदाधिकारियों का आचरण ही बदल दिया है। जनता की सेवा के लिए बैठे लोग आज जनता की ही नहीं सुनते हैं। इस अराजक व्यवस्था से जनता त्रस्त है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने कहा कि नियोजन, विस्थापन और स्थानीय नीति बनाने का वादा कर सत्ता में आई सरकार ने अपने वादों को भुला दिया है। वादाखिलाफी के नए कीर्तिमान बनाने वाली इस सरकार को जनता ने सत्ता से बेदखल करने का मन बना लिया है। बड़कागांव के विकास को कुछ लोगों ने अपने निजी स्वार्थ के चलते रोक दिया है। अपना और अपने परिवार का विकास ही उनकी प्राथमिकता रही है। क्षेत्र की जनता अपने मत से इतिहास लिखेगी।

## खूंटी से लकड़ी तस्करी के अंतरराज्यीय गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

**KHUNTI :** लकड़ी तस्करी के अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शनिवार की रात ओड़िशा से छोटे मालवाहक वाहन से अवैध रूप से लकड़ी ले जा रहे वाहन को जब्त कर पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया है। ओड़िशा से लकड़ी का अवैध कारोबार चल रहा है, जो तोरपा-खूंटी के रास्ते रांची और अन्य स्थानों तक फैला है। यह जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खिस्तोफर केरकेट्टा ने रविवार को अपने कार्यालय में आयोजित सवांददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी दल ने शनिवार की रात को महिन्द्रा पिकअप वैन नंबर ओडी 14 एडी 6280 को तोरपा में चेकिंग लगाकर रोकने का प्रयास किया, लेकिन वाहन चालक द्वारा वाहन को तेजी से भगाने लगा।

# पलामू से होकर गुजरी वंदे भारत एक्सप्रेस सांसद ने डालटनगंज में दिखाई हरी झंडी

**PHOTON NEWS PALAMU :** रविवार को वंदे भारत एक्सप्रेस (21893/21894) पलामू जिले से भी होकर गुजरी। यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन टाटानगर से आएगी एवं पटना तक जाएगी। इसी तरह पटना से आकर टाटानगर को जाएगी। पलामू जिले में डालटनगंज एवं गढवा रोड रेलवे स्टेशन पर इसका ठहराव निर्धारित किया गया है।

पहले दिन ट्रेन के आने के बाद यहां से खुलने पर डालटनगंज में पलामू सांसद वीडी राम जबकि गढवा रोड रेलवे स्टेशन पर पूर्व मंत्री एवं विश्रामपुर के विधायक रामचन्द्र चन्द्रवंशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के लिए सांसद एवं अन्य भाजपा नेता कार्यकर्ता गाजे-बाजे के साथ डालटनगंज व गढ़वा रोड रेलवे

हरी झंडी दिखाकर वंदे भारत को रवाना करते सांसद व अन्य। ● फोटोन न्यूज

स्टेशन पर पहुंचे थे। मौके पर सांसद वीडी राम ने वंदे भारत एक्सप्रेस को डालटनगंज व गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन से चलाने के निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया। साथ ही कहा कि इसी तरह से अन्य बड़ी ट्रेनें इस रूट से होकर चलेंगी। इसकी शुरूआत आज से हो गयी है। मेदिनीनगर की प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस के चलने से पलामू की बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हो गयी। सपना साकार हो गया। उन्होंने कहा कि आज समय की बचत के लिए लोग हवाई सफर पर ध्यान दे रहे हैं। ऐसे में ट्रेनों की स्पीड बढ़ाकर सेवा देने से समय की बचत होगी एवं लोगों का झुकाव भी ट्रेनों की ओर होगा।

# विश्व शांतिः युद्ध की आशंकाओं को न्यून करना होगा

भारत डोगरा

**यह सवाल बहुत से विश्लेषक पूछ रहे हैं कि निकट भविष्य में विश्व में किस महाशक्ति का दबदबा अधिक तेजी से बढ़ेगा? यह सवाल राजनीतिक, सामरिक और आर्थिक, सभी संदर्भों में पूछा जा रहा है। पर इससे बड़ी बुनियादी बात यह है कि जब तक विश्व में आधिपत्य की होड़ जारी रहेगी तब तक विश्व के तनाव दूर नहीं होंगे और हम एक युद्ध से दूसरे युद्ध की ओर ही जाते रहेंगे। विश्व पर आधिपत्य की दौड. में मानव इतिहास में विनाशकारी युद्ध होते रहे हैं। बीसवीं शताब्दी में दो विश्व युद्ध हो चुके हैं।**

विश्व के अनेक खतरनाक युद्ध जिस तरह लंबे खिंचते चले जा रहे हैं, वह गहरी चिंता का विषय है। युद्ध की आशंका को कम करना विश्व के लिए सदा एक बहुत सार्थक उद्देश्य रहा है, पर कुछ विशेष कारणों से हाल के समय में इसकी जरूरत पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है।

पहली वजह तो यह है कि महाविनाशक हथियारों की उपलब्धि से युद्ध अब असहनीय हद तक विनाशक हो गया है। परमाणु हथियार नौ देशों के पास हैं, और कुछ अन्य देशों में अमेरिका और रूस के हथियार तैनात या भंडारित रखे हैं। कुछ देशों के पास चोरी-छिपे रासायनिक और जैविक हथियार होने की संभावना है। सामान्य हथियार भी पहले से कहीं अधिक विध्वंसक हो चुके हैं।

दूसरी महत्त्वपूर्ण वजह यह है कि दुनिया में जलवायु बदलाव जैसी कई अति गंभीर पर्यावरणीय समस्याएं इस समय मौजूद हैं जो धरती की जीवनदायिनी क्षमता को ही खतरे में डाल देती हैं। इसके लिए नजदीकी अंतरराष्ट्रीय सहयोग और अमन-शांति के माहौल की जरूरत है। पड़ोसी देशों में विशेषकर बढ़ते सहयोग की निरंतरता से जरूरत है। युद्ध के माहौल में ऐसा सहयोग उपलब्ध नहीं हो सकता। युद्ध या युद्ध के माहौल में बढ़ते अंतरराष्ट्रीय सहयोग को निरंतरता से प्राप्त करना संभव नहीं है। तीसरी बड़ी वजह यह है कि युद्ध मानव जीवन के लिए बहुत विनाशकारी होने के साथ एक बड़ा प्रदूषक भी है। ग्रीन हाऊस गैसों का एक बड़ा स्रोत युद्ध और युद्ध की तैयारी है और बहुत सा अन्य प्रदूषण हथियारों के निर्माण और तैनाती आदि से जुड़ा है। जहां एक ओर युद्ध और युद्ध की आशंका को कम करना पहले से बहुत जरूरी हो गया है वहां यह दुखद सच्चाई भी हमारे सामने है कि हाल के दशकों में अनेक देश युद्ध से बुरी तरह तबाह हो चुके हैं। संभवतः सबसे अधिक चिंता की बात तो यह है कि परमाणु हथियारों के उपयोग की आशंका विभिन्न कारणों से बढ़ी है और इस उपयोग की आशंका को रोकने के लिए जो समझौते अमेरिका और रूस में पहले से मौजूद थे, उनका नवीनीकरण नहीं हो रहा है।

इन विकट स्थितियों में यह विश्व स्तर पर बहुत जरूरी हो गया है कि युद्ध की आशंका को रोकने के लिए और अमन-शांति बनाए रखने के लिए प्रयासों को मजबूत किया जाए, इनमें निरंतरता बनी रहे और इन्हें एक बड़े जन-अभियान का रूप दिया जाए। इसकी जरूरत पहले भी थी पर अमन-शांति के बड़े जन-अभियान की जितनी जरूरत आज है, उतनी पहले कभी नहीं थी। इस अभियान को मजबूत करने के लिए शांति अभियान को महिला आंदोलन, न्याय, समता और लोकतंत्र के आंदोलनों और अभियानों से नजदीकी

संबंध बनाने चाहिए। परिवार और स्कूल/कॉलेज जैसे सबसे महत्त्वपूर्ण संस्थानों में युद्ध के विरुद्ध और अमन-शांति के पक्ष में मजबूत संदेश मिलना चाहिए। विभिन्न देशों के अमन-शांति के आंदोलनों और अभियानों को एक-दूसरे से सहयोग करने के समुचित अवसर मिलने चाहिए और कला, संस्कृति, मीडिया स्तर के आदान-प्रदान की इसमें सार्थक भूमिका हो सकती है। अमन-शांति के संदेश को मजबूत करने में महिलाओं की बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। पाठ्यक्रमों में अनेक स्तर पर अमन-शांति के संदेश को महत्त्व दिया जा सकता है। आधुनिक युद्ध कितना खतरनाक हो चुका है और इस खतरे से बचना बहुत जरूरी है, इस समझ को विभिन्न स्तरों पर आम लोगों तक पहुंचना चाहिए।

यह सवाल बहुत से विश्लेषक पूछ रहे हैं कि निकट भविष्य में विश्व में किस महाशक्ति का दबदबा अधिक तेजी से बढ़ेगा? यह सवाल राजनीतिक, सामरिक और आर्थिक, सभी संदर्भों में पूछा जा रहा है। पर इससे बड़ी बुनियादी बात यह है कि जब तक विश्व में आधिपत्य की होड़ जारी रहेगी तब तक विश्व के तनाव दूर नहीं होंगे और हम एक युद्ध से दूसरे युद्ध की ओर ही जाते रहेंगे। विश्व परआधिपत्य की दौड़ में मानव इतिहास में बहुत विनाशकारी युद्ध होते रहे हैं। बीसवीं शताब्दी में दो विश्व युद्ध हो चुके हैं। तब से अब तक विनाशकारी हथियारों की मारक क्षमता हजारों गुणा बढ़ चुकी है, और इतने परमाणु हथियार भंडारण में हैं कि विश्व के अधिकांश जीवन को कई बार समाप्त कर सकते हैं। साथ में धरती के बड़े क्षेत्र को बुरी तरह विषैला भी बना सकते हैं।

एक बहुत बड़ी चुनौती हमारे सामने है कि आधिपत्य की इस दौड़ को बिना किसी बड़ी हिंसा के समाप्त कर दिया जाए। एक ओर इतने विध्वंसक हथियारों का भंडार हो तथा दूसरी ओर इनसे लैस महाशक्तियां निरंतर संदेह तनाव और दुश्मनी के भाव से रहें तो किसी भी समय अनहोनी घट सकती है। अतः समय रहते इन तनावों और दुश्मनियों और आधिपत्य की होड़ का शान्तिजनक समाधान निकालना जरूरी है। इसके लिए सामरिक, राजनीतिक, आर्थिक, व्यापारिक सभी स्तरों पर प्रयास करना होगा। यही एक बडक्ष सवाल है कि क्या ऐसे बड़े और जरूरी बदलाव अमन-शांति के माहौल में लाए जा सकते हैं? इस तरह की क्षमता विकसित करना आज विश्व के लिए बहुत जरूरी हो गई है।

सोवियत संघ का विघटन एक दिन तो होना ही था तो अच्छा हुआ कि वह बिना किसी बड़े युद्ध के हो गया। पर उसके बाद शीत युद्ध समाप्त कर अमन-शांति का नया दौर आरंभ करने का जो बड़ा अवसर विश्व को मिला था जो उसने खो दिया। वजह वही थी कि मूल प्रवृत्ति आधिपत्य की थी। बड़े पूंजीवादी देशों ने सोचा कि यह समय रूस को दबाने का है। पर रूस ने अपनी सामरिक शक्ति की एक सीमा तक रक्षा की और फिर नये शीत युद्ध की स्थिति उत्पन्न हुई।

अब तो बस यही उम्मीद है कि निकट भविष्य में तेजी से बढ़ते तनावों का संतोषजनक समाधान अमन-शांति के माहौल में प्राप्त कर लिया जाए। पर केवल उम्मीद करना निश्चय ही पर्याप्त नहीं है। इसके साथ ही विश्व स्तर पर अमन-शांति के जन-आंदोलन को मजबूत करना भी बहुत जरूरी है। इसके अतिरिक्त महाविनाशक हथियारों और अन्य अति विध्वंसक हथियारों के प्रसार को रोकने के लिए और उनके वास्तविक उपयोग की संभावना को रोकने के लिए बहुत जरूरी प्रयास चाहिए। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समझौते जरूरी हैं। इस समय तो बहुत चिंताजनक स्थिति यह है कि इस तरह के पहले से हुए समझौतों का भी नवीनीकरण समय पर नहीं हो पा रहा है। इन समझौतों के महत्त्व के बारे में भी व्यापक स्तर पर जन-जागृति बहुत जरूरी है। कुल मिलाकर अंतरराष्ट्रीय तनावों को सुलझाने के लिए अब अमन-शांति के जन-आंदोलन की बढ़ती भूमिका का दौर है और व्यापक नई पहल करने का दौर है।

## संपादकीय

# सवाल फैसले पर

सुप्रीम कोर्ट ने स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनड़ीपीएस) अधिनियम के तहत किसी मामले में जमानत देने को बहुत गंभीर मसला कहा है। पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार को यह बताने का निर्देश दिया कि वह एक मामले में चार आरोपियों की अग्रिम जमानत रद्द करने के लिए आवेदन दायर करने के लिए विचार कर रही है क्या? याचिकाकर्ता के अनुसार मामले के छह आरोपियों में से चार को गिरफ्तारी पूर्व जमानत दी गई है जबकि उनमें से एक नियमित जमानत पर है। पीठ ने आश्चर्य जताया कि इस मामले में अग्रिम जमानत के बारे में कभी नहीं सुना गया। अदालत ने कहा हम राज्य को सह-आरोपी को दी गई अग्रिम जमानत रद्द करने के लिए आवेदन करने का निर्देश दे सकते हैं। याचिका में आरोपी ने कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती है जिसमें अक्टूबर, 2023 में दर्ज मामले में नियमित जमानत की मांग वाली उसकी अर्जी खारिज कर दी गई थी। हाई कोर्ट का कहना था, नमूनों की जांच सकारात्मक है जो संकेत है कि जब्त सामग्री प्रतिबंधित है। इसमें गांजा की व्यावसायिक मात्रा एनड़ीपीसी अधिनियम की धारा 37 में प्रतिबंधों को आधार बनाते हुए अदालत ने जमानत खारिज की थी। 2021 में सुप्रीम कोर्ट अपने फैसले में कह चुका है कि गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम की तरह एनड़ीपीएस भी एकपक्षीय जमानत दिए जाने और प्रथम दृष्टया संतुष्टि के बिना कि आरोपी निर्दोष है और भविष्य में उसके द्वारा अपराध करने की संभावना नहीं है, जमानत दिए जाने से रोकता है। अदालतें विवेक और साक्ष्यों के आधार पर एक जैसे मामलों में अलग-अलग फैसले देती रही हैं। हालांकि जैसा कि शीर्ष अदालत ने नाराजगी जताई कि छह में से चार आरोपियों को पूर्व जमानत और उक्त याचिकाकर्ता पर सख्ती संदेह पैदा करती है वरना सह-अभियुक्तों की जमानत तत्काल खारिज की जानी चाहिए। मामला अदालत में है, जब तक सजा नहीं सुना दी जाती। कोई कानूनी पेचीदगी आड़े. नहीं आती तो कड़ी शर्तों के साथ उसे भी कुछ दिनों की जमानत देने का रास्ता निकालना नामुमकिन नहीं लगता।

# भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का विस्तृत क्षितिज

भारत दुनिया की सबसे बड़ी एवं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसका खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आर्थिक विकास को गति देने एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत सरकार ने विभिन्न व्यावहारिक पहल के साथ-साथ सुधारों के नए युग की शुरूआत की है, जिसने भारत को तेजी से विकास के पथ पर ला खड़ा किया है। भारत सरकार की प्रगतिशील नीतिगत पहल एवं उपायों के कारण खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और मैन्यूफैक्चरिंग के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 7.66 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कृषि के जीवीए में 8.45 प्रतिशत का योगदान दिया है।

समृद्ध एवं विविधतापूर्ण कृषिगत संसाधनों से लैस भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य उत्पादन के मामले में महत्वपूर्ण शक्ति है। दूध, पोषक अनाज, खाद्यान्न, फल, सब्जियां, चाय और मछली जैसी कई खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते, इसने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत का कृषि-खाद्य निर्यात बढ़कर 46.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो इस क्षेत्र की तीव्र प्रगति और इसके बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है। कुल कृषि-खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 2014-15 में 4.90 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़ कर 2023-24 में 10.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई। नवाचार, निवेश और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के सही मिश्रण के साथ, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का संपूर्ण दोहन करने और देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार एवं विविधतापूर्ण अवसर उपलब्ध हैं और इसका प्रत्येक उप-क्षेत्र विकास की अनूठी संभावनाएं प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी के आगमन ने इस उद्योग में क्रांति ला दी है, जिससे खाद्य सुरक्षा, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। ई-कॉमर्स में आए उछाल और उपभोग के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) व सुविधाजनक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग ने इस क्षेत्र के विकास के नए रास्ते खोल दिए हैं, जिससे यह निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया है।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को सहायता प्रदान करने हेतु, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने ऐसी कई योजनाएं और पहल लागू की हैं जो बदलाव लाने और एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में अहम रही हैं। यह इकोसिस्टम सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं बड़े उद्यमों में नवाचार, निवेश और समावेशिता को प्रोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) नाम की प्रमुख योजना ने खेतों से रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इन प्रयासों से न केवल फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम किया जा सका है, बल्कि निर्यात क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएस) भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रमुख प्रयास है। मंत्रालय देश में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना/उन्नयन के लिए वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान करने हेतु केन्द्र प्रायोजित ह्लपीएम सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की औपचारिकीकरण योजना (पीएमएफएमई)ह्व भी लागू कर रहा है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ऐसे जीवंत व सुदृढ़ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो न केवल भारत की आर्थिक समृद्धि में योगदान दे, बल्कि देश के लोगों का कल्याण भी सुनिश्चित करे।

**- अनीता प्रवीण (लेखिका, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में सचिव हैं।)**

## चिंतन-मनन

# मौन का तन मन की सुन्दरता के लिये महत्व

प्रत्येक मनुष्य सुन्दर एवं स्वस्थ्य रहना चाहता है। सुन्दरता एवं स्वस्थ्य का राज मौन मै छिपा हुआ है। सामान्यतः चुप रहना मौन है, प्राचीन पुराण बचन के साथ ईष्या, डाह, छल, कपट और हिन्सा को कम करना मोन होता है। मनोवैज्ञानिक ह्यफ्रायडह्ल का कहना है कि जीवन अन्तर्द्वद्वी श्रृंखलाओं से मिल कर बना है। अन्तर्द्वद्व दो या दो से अधिक विरोधी इच्छाओं का एक साथ उत्पन्न होना है। ये असीम इच्छायें पूर्ण न होने पर तनाव नामक बीमारी देती है। जिससे आज के अधिकांस व्यक्ती ग्रासित है। अन्तर्द्वद्व में फंसे व्यक्ति की स्थिति कई विपरीत दिशाओं से आने वाली नदियों के पानी के साथ मिलने से भॅवर बनती है कि जैसी हो जाती है। भॅवर में फसे व्यक्ति को न बैठे शांति मिलती है न लेटे, न भूख लगती है, न प्यास, न ही ध्यान अध्ययन में मन लगता है। याददास्त क्षमता कम हो जाती है। हार्ट अटेक, आत्म हत्या भी इसी कारण करते हैं।

हर मनुष्य अन्नत शक्तिमान है। यह शक्ति मन एवं पाचों इन्द्रियों के कार्यो में खर्च होती है। मन एवं इन्द्रियों को बस मे करने का कार्य ह्यमौनह्ल करता है। मौन रहने से मनुष्य के अन्दर की छुपी हुई शक्ति उदय हो जाती है। आज के कल युग में इनद्रिय विषय-भोगों की सामग्री में वहुत वृद्धि हूई है जिसे अपनाने पर इक्छा शक्ति में अधिक बृद्धि हो रही है। जो टेन्सन को जन्म देती है। अतः आज टेन्सन बड़ी बीमारी हो गई है। जो भी व्यक्ति अधिक बोलते है उनके मुख में रहने वाला पाचक रस सूख जाता है। मानसिक सन्तुलन खो जाता है, हृदय गति तेज हो जाती है। मान इन सब परेशानियों से बचने की राम वाण औषधी है। दिन में एक घण्टा मौन रहने पर दो घण्टे की कार्य क्षमता में बृद्धि होती है। रक्त प्रवाह सामान्य स्वस्थ्य होता है, तन, मन, सुन्दर बनता है। अतः संयमित वोल मान को जीवन में अपनाना चाहिये।

# हम किसी के खिलाफ नहीं ,सब हमारे खिलाफ



राकेश अचल



अमेरिका ने भारत के सुरक्षा सलाहकार को समन देकर बुलाया है और प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी को एक अतिथि के रूप में । वे अमेरिका में हो रहे क्वाड सम्मेलन में शामिल हुए हैं। अमेरिका के बराबर व्यवहार की अनदेखी कर मोदी जी ने दरियादिली दिखते हुए कहा है कि क्वाड शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब दुनिया तनाव और संघर्ष से घिरी हुई है। ऐसे में साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर क्वाड का एक साथ काम करना पूरी मानवता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। उन्होंने ये नहीं कहा की हमारे खिलाफ कौन-कौन है ? क्योंकि सब जानते हैं की शेष दुनिया का बड़ा हिस्सा हमारे खिलाफ है।

आपको बता दूँ कि अमेरिका के डेलावेयर में आयोजित क्वाड शिखर सम्मेलन में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब दुनिया तनाव और संघर्ष से घिरी है। माननीय मोदी जी ने कहा कि साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर क्वाड देशों को एक साथ काम करना पूरी मानवता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अभी ये पता नहीं चला कि मोदी जी अपने पुराने मित्र डोनाल्ड ट्रम्प से मिले या नही। उन्होंने बराक ओबामा से भेंट कि या नहीं। ओबामा से मोदी जी के तो-तड़ाक वाले रिश्ते हैं।

अमेरिका से खबरें आ रहीं हैं कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी तीन दिवसीय अमेरिकी यात्रा के पहले चरण में अमेरिका के फिलाडेल्फिया हवाई अड्डे पर पहुंचे। क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने से पहले उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए नए रास्ते खोजे।वेदन और मोदी जी कि मुलाकात में डोभाल को समन और व्हाइट हॉउस में पृथकतावादी आंदोलन के समर्थकों से मुलाकात का मुद्दा उठा या नहीं ,इसकी जानकारी फिलहाल उपलब्ध नहीं है।

क्वाड सम्मेलन के लिए जिसने भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दस मोदी का भाषण लिखा ,बढ़िया लिखा । मोदी जीने कहा कि -हम सभी नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान और सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं। स्वतंत्र, खुला, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत हमारी साझा प्राथमिकता और साझा प्रतिबद्धता है।उन्होंने कहा, क्वाड देशों ने स्वास्थ्य, सुरक्षा, महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में कई सकारात्मक और समावेशी पहल की हैं। कहा, हमारा स्पष्ट संदेश है- क्वाड यहां रहने, सहायता करने, साझेदारी करने और पूरक बनने के लिए है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राष्ट्रपति बाइडन और अपने सभी सहयोगियों को इस सम्मेलन के लिए बधाई दी। साथ ही 2025 में भारत में क्वाड लीडर्स समिट की मेजबानी करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इससे एक संदेश भारत के विपक्षी दलों को भी मिला कि मोदी जी न तो अभी देश में मध्यावधि चुनाव करने वाले हैं और न 75 के होने पर राजनीति से सन्यास लेने वाले हैं। वे जो बाइडन को शाद अपना आदर्श मान बैठे हैं और कम से कम जो बाइडन की उम्र तक तो सत्ता छोड़ने वाले नहीं हैं। आपको पता ही होगा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन साहब इस समय कुल 82 साल के हैं।

क्वाड शिखर सम्मेलन के बाद सदस्य देशों के नेता कैंसर मूनशॉट इवेंट में शामिल हुए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कैंसर की रोकथाम के लिए 7.5 मिलियन डॉलर के पैकेज और 4 करोड़ वैक्सीन डोज की घोषणा की. उन्होंने कहा कि भारत का विजन है- वन अर्थ, वन हेल्थ। निश्चित ही भारत कि ये पहल भारत के सनातन सूत्र वसुधैव कुटुंबम की अवधारणा के अनुरूप है। मोदी कि अमेरिका यात्रा के क्या निहितार्थ निकले जायेंगे ,ये बताना अभी जरूरी नहीं है लेकिन उनकी इस यात्रा का डंका भारत में हो रहे अनेक विधानसभाओं के चुनावों में अवश्य सुनाई देगी, क्योंकि देश में मोदी जी समस्याओं से घिरे हैं, उनकी उपलब्धियों का झुनझुना बजने से पहले ही कोलाहल में डूब जाता है ,किन्तु मोदी जी हार मैंने वालों में से नहीं है। भले ही देश के लोग वन नेशन- वन इलेक्शन के उनके ख्वाब कि अनदेखी करें किन्तु वे दुनिया को तो वन अर्थ -वन वैल्थ का मन्त्र देकर ही माने ।

हम उम्मीद करते हैं कि मोदी जी कि अमेरिका यात्रा कामयाब हो ताकि हमारे सुरक्षा सलाहकार डोभाल साहब की रक्षा हो सके। हमारे देश के खिलाफ अमेरिका में काम कर रहे समूहों को वहां कि सरकार का समर्थन मिलना बंद हो सके। हम मोदी जी कि कामयाबी चाहते है। वे देश में कामयाब नहीं हो पा रहे तो कम से कम विदेश में तो कामयाब हो जाएँ ,अन्यथा उनके शांतिदूत बनने के सपने का क्या होगा ? वे अभी तक रूस और यूक्रेन का युद्ध तो रुकवाने में कामयाब हो नहीं पाए। बहरहाल मोदी जी ही हैं जो हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनावों के दौरान भाजपा को अकेला छोड़कर अमेरिका चले गए ,कोई दूसरा होता तो शायद बीमारी का बहाना बना लेता ।मोदी जी के सम्बोधन का चीन और पाकिस्तान ही नहीं बल्कि रूस और बाकी की दुनिया पर क्या असर पडेगा ,देखना जरूरी है। जय हो मोदी जी की।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# India's deft balancing act on foreign policy front

THE Narendra Modi government outlined two axioms of India's foreign policy — 'Bharat First' and 'Vasudhaiva Kutumbakam' (the world is one family) — when it came to power in June this year. Its intention has been to maintain the momentum of the foreign policy initiatives that yielded success in the last decade. After the 2024 General Election, questions were raised about the government's ability to steer decisions on foreign policy because of the lack of an absolute majority in the Lok Sabha. During the first 100 days of Modi 3.0, some crucial foreign policy initiatives were taken to address critical emerging challenges.India's national interests have been driving its relations with the major powers, and it is fair to say that it has managed to strike a balance between maintaining an autonomous position and creating friendships. Russia has remained a constant in India's foreign policy (historically and amid the ongoing Russia-Ukraine war), reinforced by PM Modi's visit to Moscow in July. New Delhi's prime areas of interest in its relations with Russia continue to include defence, energy and the strategic domain.New Delhi's relations with Washington remain significant, given India's most critical strategic challenge of China's growing assertion on its border and Beijing's expanding presence in neighbouring countries. India-US ties are likely to grow, irrespective of whether a Democrat or a Republican gets elected in the US. The existing trajectory of the partnership indicates expansion of cooperation in economic, strategic, technological and defence sectors.The criticality of its neighbourhood for India was evident in the statement made by External Affairs Minister S Jaishankar at the Jasjit Singh Memorial lecture at the Centre for Air Power Studies in August: "What we have tried to do in the last 10 years is actually to economically bring our neighbours much closer… there will be political ups and downs… these are realities we have to accept... but…we today have more resources, more capabilities, we are geographically at the centre, our size is so much bigger… we need to drive the process, we will set the pace, and we will go the extra mile." Undoubtedly, India's neighbourhood policy needs a push. It cannot achieve the objective of becoming a $5-trillion economy without focusing on regional economic integration.The heads of India's neighbouring countries (except for Pakistan and Afghanistan) and heads of island nations in the Indian Ocean Region (IOR) were invited to PM Modi's swearing-in ceremony. The External Affairs Minister's visit to Male in August appositely conveyed India's intentions that the Maldives remained an important partner of India in maintaining peace in the IOR.In its relations with Pakistan, India remains firm on a strictly conditional dialogue. The two nations have had no diplomatic dialogue after the January 2016 terror attack on the Pathankot Air Force station by Pakistan-sponsored terror group Jaish-e-Mohammed that derailed the Modi government's peace initiatives. Pakistan has often tried to highlight the reversal of the abrogation of Article 370 as a precondition for talks or diplomatic exchange with India. This position is a nonstarter, as India's decision and position on Article 370 remain unchanged. Also, the Jammu region has seen significant infiltrations from Pakistan and a series of terror attacks since June.

This is the 10th year of India's Act East Policy (AEP), which charted the way for its engagement with the East. PM Modi's recent visits to Brunei and Singapore signified the importance of the AEP. India is exploring a wide range of areas of cooperation with Southeast Asian nations, such as semiconductors, hydrocarbons, healthcare and skill development. Singapore is the largest trading partner for India within ASEAN and the top source of foreign direct investments into India. Brunei is important for India's space programme, and New Delhi is seeking to enhance space cooperation with it.

# Punjab needs a robust policy to tackle agrarian crisis

**Punjab does not have an agriculture policy till date. Three policy drafts have been submitted to the government over the past decade or so.**

Punjab does not have an agriculture policy till date despite the fact that three policy drafts have been submitted over the past decade or so. The first draft (58 pages), prepared under the chairmanship of GS Kalkat, was presented to the state government in March 2013. It was neither made public by the government nor turned into a policy. The second one (21 pages), prepared under the chairmanship of Ajay Vir Jakhar, was presented to the government in 2018. This, too, met with the same fate.In January 2023, the government constituted an 11-member committee of experts under the convenership of Sukhpal Singh to prepare the third draft. This committee prepared an exhaustive policy draft (211 pages) and presented it to the government on October 13, 2023.The government, however, took more than 11 months to make it public, and that too under the pressure of farmers' unions. Inexplicably, the government also simultaneously engaged the Boston Consulting Group as a consultant to seek advice on crop diversification. This only shows that successive governments have neither been serious about formulating an agriculture policy nor have had faith in their duly constituted committees. The second and third drafts were prepared under the convenership of the chairpersons of the Punjab State Farmers and Farm Workers' Commission, a statutory body.A significant underlying thread in all three drafts is the acknowledgement of the agrarian crisis as a consequence of declining farm income and other factors. The crisis has been amply reflected in the suicide surveys conducted by three state universities — Punjab Agricultural University (PAU), Guru Nanak Dev University and Punjabi University. As per official data, more than 16,000 farmers and farm labourers have died by suicide between 2000 and 2016 in Punjab. The numbers would have only risen in subsequent years.

